दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 116
कोटद्वार मंगलवार
22 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कुदरत का कहर: पहाड़ी से मौत बनकर गिरा मलबा
# चार महीने के मासूम समेत परिवार के तीन लोग जिंदा दफन

**टिहरी।** उत्तराखंड के नई टिहरी में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। चंबा थाने के पास टैक्सी स्टैंड की पार्किंग में भूस्खलन हो गया। पहाड़ी से गिरे सैकड़ों टन मलबे की चपेट में दो वाहन आ गए। हादसे में चार महीने के मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

मलबे में दबे ग्राम जसपुर कंडीसौड़ निवासी पूनम खंडूरी (30) उनके चार माह के बेटे और बहन सरस्वती देवी (35) के शवों को पंचनामे के लिए जिला अस्पताल बोराड़ी ले जाया गया है। वहीं, मलबे में दो कार, एक स्कूटी और बाइक भी दब गई। मलबे में दबकर वहां पर बना सार्वजनिक शौचालय भी जमींदोज हो गया।

घटना दोपहर करीब एक बजे की है। भूस्खलन होते ही टैक्सी




स्टैंड में अफरा-तरफी मच गई। वहां आस-पास खड़े लोगों ने भागकर जान बचाई। पहाड़ी से टूटकर सैकड़ों टन मलबा भरभरा कर सड़क पर गिर गया। उसे साफ करने के लिए छह जेसीबी मशीन, डोजर लगाए गए हैं।

भूस्खलन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से थाने के समीप के चार घरों को खाली कराकर दूसरी जगह शिफ्ट किया है। टैक्सी स्टैंड और सड़क से मलबे को पूरी तरह हटाने में और वक्त लग सकता है।

भूस्खलन से बड़ी मात्रा में मलबा, बोल्डर टैक्सी स्टैंड और नई टिहरी मार्ग, थाने की एप्रोच रोड और नीचे स्थित ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर जा गिरा। अक्सर लोग थाने के समीप टैक्सी स्टैंड में अपने वाहन भी पार्क कर देते हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर को कंडीसौड़ जसपुर गांव निवासी सुमन खंडूरी कार बुक कर पत्नी और बच्चे को लेकर सुसराल डारगी गांव जा रहे थे।

चंबा पहुंचने पर उन्होंने ड्राइवर को कार टैक्सी स्टैंड में खड़ी करने के लिए कहा। वहां पर उनकी बहन सरस्वती मिलने आई थी। सुमन और ड्राइवर कार खड़ी कर सामान खरीदने के लिए बाजार चले गए। उनकी पत्नी पूनम, बेटा और बहन सरस्वती देवी कार के अंदर बैठी हुई थी। इसी दौरान हादसा हो गया।

## भू धंसाव की चपेट में आए यमकेश्वर ब्लॉक के कई गांव, घर छोड़ने के लिए मजबूर हुए ग्रामीण



**ऋषिकेश।** यमकेश्वर ब्लॉक अंतर्गत डांडामंडल क्षेत्र के देवराना, भूम्यासारी और कसाण गांव भू धसाव की चपेट में हैं। इन गांवों में मोटर मार्ग और गांव का पैदल रास्ते टूट गए हैं। ग्रामीणों के घरों और खेतों में बड़ी बड़ी दरारें आ गई है। जान माल का नुकसान न हो इसके लिए ग्रामीण अपने घरों को छोड़ सुरक्षित स्थानों पर निकल गए हैं।

कई ग्रामीण पौड़ी प्रशासन की ओर से दिए गए छोटे छोटे टैंटों के अंदर अपना गुजर बसर कर रहे हैं। बारिश होते ही ग्रामीण डर और सहम रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण प्यारेलाल कंडवाल ने बताया कि बीते दिनों हुई तेज बारिश से देवराना गांव में बहुत नुकसान हुआ है। सड़क के नीचे बने अधिकांश आवासीय घर जमींदोज हो गए हैं, कई घरों में दरारें आ गई है।

तेज बारिश से देवराना गांव में गेंदालाल डोबरियाल, जगदीश कंडवाल, कृष्ण कंडवाल, राजकुमार कंडवाल, मुकेश देवरानी, सिरोमणी द्विवेदी, सुरेश देवरानी, अमरदेव देवरानी, ज्योति प्रसाद देवरानी, श्रद्धानंद द्विवेदी, बुद्धि प्रसाद, सुनील ग्वाड़ी, महावीर देवराड़ी, नरेश देवरानी, मोहनलाल ग्वाड़ी के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में भू धंसाव हो रहा है। उधर ग्राम पंचायत सिंदुडी के तोक गांव बैरागढ़ भी भू धसाव की चपेट में है।

## मणिपुर हिंसा: जस्टिस गीता मित्तल कमेटी ने सुप्रीमकोर्ट को सौंपी तीन रिपोर्ट्स, सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** तीन मई से मणिपुर में जारी हिंसा के मामले में रिटायर्ड जस्टिस गीता मित्तल कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सौंप दी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि मणिपुर हिंसा को लेकर जस्टिस गीता मित्तल की कमेटी ने अपनी तीन रिपोर्ट सौंपी हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को रिपोर्ट देखने और जवाब देने के लिए कहा है।

आपको बता दें कि मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुईं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की तीन पूर्व महिला जजों की एक कमेटी बनाई थी और उनको पूरी हिंसा पर एक रिपोर्ट बनाने के लिए कहा था। कमेटी का अध्यक्ष जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल को बनाया था। साथ ही इस कमेटी में जस्टिस (रिटायर्ड) पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड) आशा मेनन को भी शामिल किया था।

## पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, दो लोगों की मौत, छह बीमार

**आगरा ,(एजेंसी)।** वाराणसी से मथुरा की यात्रा के दौरान रविवार को कोटा-पटना एक्सप्रेस (13237) में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण दो यात्रियों की मौत हो गई और छह अन्य बीमार पड़ गए। आगरा के रेलवे अधिकारियों को यात्रियों के बिगड़ते स्वास्थ्य के संबंध में एक कॉल मिली। रविवार शाम ट्रेन के आगरा कैंट स्टेशन पहुंचने पर चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। ये यात्री गैर वातानुकूलित शयनयान कोच संख्या एस-2 में यात्रा कर रहे थे। हालांकि यात्रियों की मृत्यु का स्टीक कारण अभी भी निर्धारित नहीं किया है। आगरा रेलवे आगरा मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि डॉक्टरों ने जांच के बाद पाया है कि डिहाइड्रेशन के चलते मरीजों की जान गई है। पुलिस के मुताबिक 90 लोगों का जत्था छत्तीसगढ़ से तीर्थयात्रा के लिए ट्रेन से रवाना हुआ था। जत्थे में शामिल कुछ लोग असहज महसूस करने लगे।

## हरियाणा में चल रही है झूठ, फूट और लूट की सरकार : हुड्डा

**रोहतक ,(एजेंसी)।** हरियाणा में चल रही बीजेपी-जेजेपी की झूठ, फूट और लूट वाली सरकार को जनता सत्ता से बेदखल करने का मन बना चुकी है। प्रदेश में इसबार कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी, जो गठबंधन की जनविरोधी नीतियों का खात्मा करेगी। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा रोहतक में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हिसार में हुए कांग्रेस के नौवें 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम ने भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम के बावजूद भीड़ के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। लोगों के जनसैलाब, जज्बे और जोश ने 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम को 'विकल्प आपके समक्ष' में तबदील कर दिया। हुड्डा ने कार्यक्रम में पहुंची जनता का धन्यवाद किया और इस सफल आयोजन के लिए बारंबार बधाई दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बुजुर्गों को 6000 पेंशन, कर्मचारियों को ओपीएस, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, 100-100 गज़ के प्लॉट बांटने और ओबीसी क्रिमी लेयर लिमिट को 10 लाख करने के साथ शिल्पकारों के लिए 'विश्वकर्मा कारीगर योजना' का भी ऐलान किया गया है।

## प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने का फैसला सही समय पर लिया

### सचिव बोले- कीमतों पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को कहा कि प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने का फैसला समय से पहले नहीं बल्कि 'समय पर' लिया गया है। सरकार की ओर से कहा गया कि यह घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सही समय पर उठाया गया कदम है।

प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक जिले में कई स्थानों पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच यह बयान आया है। व्यापारी भी शुल्क लगाए जाने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, "प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने का फैसला समय से पहले नहीं लिया गया है।" केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने पीटीआई से कहा, "घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए यह सही समय पर लिया गया फैसला है।" सिंह ने कहा कि जब तक स्थिति की मांग नहीं होती, सरकार चुनिंदा राज्यों में थोक और खुदरा दोनों बाजारों में बफर प्याज जारी करने के साथ हस्तक्षेप करेगी।



प्याज की कीमतों में वृद्धि के संकेतों के बीच केंद्र ने शनिवार को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया। पहली बार प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के फैसले का उद्देश्य त्योहारी सीजन से पहले प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाना भी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमतें लगभग 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। सिंह ने कहा कि वर्तमान में सरकार दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और असम में बफर स्टॉक से प्याज जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में दिल्ली-एनसीआर में 2,500 टन प्याज 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा गया।

## पंजाब में सड़कों पर उतरे किसान
# लाठीचार्ज में एक की मौत, कपूरथला में 44 हिरासत में, मोगा में नाका तोड़ा

**सुनाम/कपूरथला/मोगा (पंजाब), एजेंसी।** पंजाब में एक बार फिर किसान सड़क पर उतर आए हैं। पंजाब के 16 किसान संगठनों ने मंगलवार से चंडीगढ़ में बड़े प्रदर्शन का एलान किया है। किसानों ने चंडीगढ़ कूच कर दिया है। जगह-जगह पर पुलिस उन्हें रोकने में लगी है। उधर, संगरूर जिले के लोंगोवाल में आंदोलन कर रहे किसानों और पुलिस में झड़प हो गई। इसमें एसएचओ दीपइंदर सिंह जेजी समेत कई पुलिसकर्मी और किसान घायल हैं।

एक किसान प्रीतम सिंह की मौत हो गई है। भारतीय किसान यूनियन आजाद के जिला स्तरीय प्रतिनिधि जसवीर सिंह मेदेवास ने बताया कि गांव मंडेर के किसान प्रीतम सिंह आंदोलन में सुबह से ही साथ रहे। लोंगोवाल से बड़बड़ जाते वक्त पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें प्रीतम सिंह समेत कई किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रीतम सिंह को तुरंत संगरूर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पटियाला रेफर कर दिया गया। मगर प्रीतम सिंह की जान नहीं बची।

वहीं सुनाम सिटी थाने के एसएचओ दीपइंदर सिंह जेजी समेत कई पुलिसकर्मी भी घायल हैं एसएचओ को गंभीर चोट आई है। पुलिस का कहना है कि किसानों ने एसएचओ पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया है। बता दें कि पंजाब में बाढ़ से इस बार भीषण तबाही मची है। किसान संगठन नुकसान




के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। 22 अगस्त से चंडीगढ़ में स्थायी मोर्चा लगाने का एलान भी 16 किसान संगठन कर चुके हैं। इससे पहले पुलिस ने रविवार रात को ही छापेमारी कर किसानों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। इससे नाराज किसान संगठन सड़क पर उतर आए।

सुनाम विधानसभा क्षेत्र के कस्बा लोंगोवाल में सोमवार सुबह से ही संगठनों और पुलिस के बीच स्थिति तनावपूर्ण रही। नामोल और मेदेवास में भी पुलिस ने नाकेबंदी कर रखी है। पुलिस से बचकर निकले भारतीय किसान यूनियन एकता आजाद के नेता जसवीर सिंह मदेवास और हैप्पी नमोल ने कहा कि प्रदेश की भगवंत मान सरकार ने किसानों को चंडीगढ़ में प्रदर्शन करने से रोकने के लिए नेताओं को गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि 16 किसान संगठन मिलकर संघर्ष कर रहे हैं और बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार ने भी पिछली सरकारों की तरह रास्ता अपनाया है।

मोगा से भी किसान चंडीगढ़ को रवाना होने लगे हैं। पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश में जुटी है। वहीं किसान भी अपनी जिद पर अड़े हैं। कई किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। फिरोजपुर रोड पर किसान गुरुद्वारा श्री तंबुमल के पास जुटे और चंडीगढ़ कूच किया। यहां पर पुलिस ने बैरिकेड लगा रखा था। किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिया और आगे बढ़ने लगे। वहीं गांव दुनेके के पास भी पुलिस ने एक बड़ा नाका लगा रखा था। सड़क पर ट्रक खड़ा कर जाम लगा दिया गया ताकि किसान आगे न बढ़ सके। नाके नाजकारी मिलते ही किसानों ने अपना काफिला मोड़ लिया। गांवों के रास्ते से गांव मेहना पहुंचे और यहां लुधियाना रोड को किसानों ने जाम कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।


कपूरथला में सोमवार को किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेताओं ने प्रदर्शन किया। यहां पुलिस ने 44 किसानों को हिरासत लिया। इसके बाद किसान संगठनों ने हंगामा शुरू कर दिया और थानों का घेराव शुरू कर दिया। जोन नडाला अध्यक्ष निशान सिंह और जिला महासचिव निर्मल सिंह ने बताया कि उनके संगठन के नेताओं को रविवार को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनकी रिहाई के लिए संगठन से मिले आदेश के अनुसार नौ टोल प्लाजा पर पंजाब के किसान संगठन शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान ढिलवां टोल प्लाजा पर भी किसान शांतिमय ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। मगर पुलिस ने किसानों को हिरासत में लिया।

पुलिस ने भुलत्थ थाने में 16, बेगोवाल में 18 और ढिलवां थाने में 18 किसान को हिरासत में रखा है। निशान सिंह ने कहा कि अगर किसानों को रिहा नहीं किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर संघर्ष करने को मजबूर होगा। भुलत्थ के डीएसपी भारत भूषण सैनी ने बताया कि उक्त किसान ढिलवां टोल प्लाजा पर धरना दे रहे थे। वहां पर हालात न बिगड़े, इसलिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है।

# अफसर मामा का पाप: काउंसलिंग में खुला दरिंदगी का राज, पत्नी ने भी दिया दरिंदे का साथ

**दिल्ली, एजेंसी।** कलयुग में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदातें आम हो चली हैं। जिस्म की हवस इंसान को रिश्तों की मर्यादा को भुला देती है। दिल्ली के बुराड़ी में एक ऐसा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी को बीते कई महीनों से अपने दोस्ती की 14 साल की बेटी से रेप का आरोप लगा है। जो इस बच्ची का मुंहबोला मामा भी लगता था। आरोपी और उसकी पत्नी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा और पॉक्सो एक्ट के तहत दिल्ली सरकार के इस अधिकारी पर मामला दर्ज किया है। इतना ही नहीं आरोपी की पत्नी पर भी कई आरोप लगे हैं। 14 साल की पीड़िता बच्ची 12वीं कक्षा में पढ़ती है। साल 2020 में बच्ची ने अपने पिता को खो दिया था। मुंहबोले मामा पर आरोप है कि उसने साल 2020 और 2021 के दौरान कई बार दुष्कर्म की



वारदात को अंजाम दिया।

जब नाबालिग बच्ची गर्भवती हुई तो अधिकारी की पत्नी ने अपने बेटे से मेडिकल स्टोर से अबॉर्शन की दवाई मंगवाई और घर पर ही बच्ची का गर्भपात कराया। नाबालिग बच्ची ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में यह जानकारी दी। बच्ची का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है और जल्द ही उसका बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया जाएगा। दिल्ली पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अभी तक दिल्ली सरकार के इस अधिकारी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

इस मामले पर मीडिया से बातचीत करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने मुख्य सचिव को जांच चलने तक उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। साथ ही आज शाम 5 बजे तक इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है। दुष्कर्म का आरोपी दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के पद पर तैनात था।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल दिल्ली के उस अस्पताल में धरने पर बैठीं जहां नाबालिग लड़की को भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैं देखना चाहता हूं कि ऐसा क्या है जो दिल्ली पुलिस छिपाना चाहती है। डीसीडब्ल्यू प्रमुख को अंदर जाने और लड़की से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। आगे कहा कि मैं दिल्ली पुलिस को चेतावनी देता हूं। दिल्ली पुलिस चाहे तो कुछ भी कर सकती है। लेकिन मैं यहां से तब तक नहीं उठूंगी। जब तक वे मुझे पीड़िता और उसकी मां से मिलने नहीं देते।

14 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एनसीडब्ल्यू इस मामले पर स्वयं संज्ञान लिया है। इस मामले की हम जांच करेंगे। आरोपी और उसकी पत्नी ने बच्ची को अवैध रूप से अपने पास रखा। जब आरोपी दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग का कर्मचारी था, तो उसने यह सब किया। दिल्ली सरकार और दिल्ली महिला आयोग क्या कर रहा था। हम सुन रहे हैं कि सरकार के कुछ लोग आरोपी अधिकारी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की 4 सदस्यीय टीम दिल्ली के उस अस्पताल पहुंची। जहां नाबालिग लड़की को भर्ती कराया गया है। मीडिया से बातचीत में एनसीडब्ल्यू की एक सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि हम इस मामले की जांच के लिए एक समिति बनाकर यहां आए थे। हम पुलिस आयुक्त के कार्यालय गए, लेकिन वह हमसे वहां नहीं मिले।

## दिल्ली में गरीब परिवारों को मुफ्त मिलेगी चीनी, केजरीवाल ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को सोमववार को मंजूरी दे दी। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पिछले महीने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट की हुई बैठक में मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया गया था। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के 68 हज़ार 747 एनएफएस कार्ड धारकों समेत दो लाख 80 हज़ार 290 लाभार्थियों को मुफ्त चीनी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब यह फाइल एलजी के पास भेजी गई है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सभी एनएफएसए लाभार्थियों को मिलने वाले गेहूं, चावल के अलावा दिल्ली सरकार ने मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थियों को चीनी सब्सिडी योजना के तहत मुफ्त चीनी उपलब्ध कराएगी।

## हिमाचल को एसडीआरएफ में 200 करोड़ की चौथी किस्त

### नड्डा बोले, सरकार के खाते में आज आ जाएगा पैसा

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 200 करोड़ रुपए की चौथी किस्त हिमाचल को जारी कर दी है। सोमवार तक यह राशि हिमाचल सरकार के खाते में आ जाएगी। नड्डा ने रविवार को भारी बारिश, बाढ़ एवं भू-स्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रदेश में आई प्राकृतिक त्रासदी में दिवंगत लोगों के परिवारजनों के साथ मुलाकात भी की।

उन्होंने समरहिल, शिमला में भारी बारिश के कारण ध्वस्त हुए प्राचीन शिव मंदिर स्थल का अवलोकन भी किया और शिमला एवं बिलासपुर में स्थानीय प्रशासन के साथ राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल भी थे।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा की ओर से पूरा सहयोग और समर्थन देने का भरोसा दिया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राजनीति नहीं होनी चाहिए। हमारा सारा नेतृत्व पूरी ताकत के साथ जनता की सेवा में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हिमाचल के मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया है कि किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद चाहिए तो केंद्र हिमाचल प्रदेश के लिए कोई कमी नहीं रखेगा।जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सांसद अपनी सांसद निधि का सारा पैसा हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत के लिए देंगे। नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की स्थिति चिंताजनक है और पिछले एक महीने में प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अवगत हैं और चिंतित हैं।

# केदारनाथ यात्रा में सितम्बर से आएगी तेजी



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा बरसाती सीजन के बाद फिर से तेज होने लगी है। हालांकि अभी बारिश के कुछ दिन और शेष हैं किंतु सितम्बर माह में केदारनाथ यात्रा में फिर से तेजी आएगी। बड़ी संख्या में तीर्थयात्री सुंदर मौसम के बीच बाबा केदार के दर्शन करने आएंगे। वहीं दूसरे चरण के लिए 8 हेलीकॉप्टर कम्पनियां भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे। केदारनाथ धाम की यात्रा पर अभी तक कुल 1200182 यात्री दर्शन कर चुके हैं। जबकि अगस्त के जाते–जाते अब धीरे–धीरे यात्रियों की संख्या में इजाफा होने लगा है। जबकि बरसात के दौरान यात्रियों की संख्या में कमी आ गई थी। बीते जुलाई और अगस्त के शुरुआती महीने में केदारनाथ के लिए औसतन 500 यात्री प्रतिदिन दर्शन करने आ रहे थे। जबकि कुछ दिनों से यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है। 17 अगस्त को केदारनाथ में 6234 यात्रियों ने दर्शन किए जबकि 18 अगस्त को 1558 यात्री केदारनाथ पहुंचे। 19 अगस्त को केदारनाथ में 1909 यात्री दर्शनों को पहुंचे। जबकि 20 अगस्त को 2057 यात्रियों ने दर्शन किए हैं। यात्रियों की यह संख्या अब सितम्बर आते ही और भी अधिक बढ़ेगी। सितम्बर और अक्तूबर दो महीने केदारनाथ की यात्रा काफी अच्छी चलेगी। इसी को देखते हुए प्रशासन, बीकेटीसी, नगर पंचायत, तीर्थपुरोहित और व्यापारी तैयारियों में लगे हैं।

हर साल की तरह हेलीकॉप्टर कम्पनियां भी बरसात के बाद दोबारा केदारघाटी लौट जाएंगी।

## महाविद्यालय जखोली में कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू

रुद्रप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय जखोली में छः दिवसीय कार्यशाला का प्राचार्य डॉ.माधुरी व मास्टर ट्रेनर नवीन थपलियाल ने शुभारंभ किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.माधुरी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां छात्र–छात्राओं में आत्मवश्विास व कौशल का विकास होता है वहीं उनके जीवन पर्यंत काम आता है। मास्टर ट्रेनर नवीन थपलियाल ने छः दिवसीय प्रशक्षिण ले रहे छात्र–छात्राओं को रोजगार परक दक्षता और कुशलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के साथ जॉब प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में बताया है। इस अवसर पर स मौके पर महाविद्यालय के नोडल ऑफिसर डॉ. नंदलाल, डॉ. सुभाष कुमार, डॉ.भारती,प्रो.देवेश चंद्र, डॉ.विकास शुक्ला, डॉ.कविता अहलावत, डॉ.दलीप सिंह, सुमित बिजलवान आदि उपस्थित रहे।

# डीएम अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन, 120 शिकायतें प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जनसुनवाई में आज 120 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायतें भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त अतिक्रमण, जल भराव, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड बनाने, आयुषमान कार्ड से उपचार कराने, रास्ता रोके जाने, ट्यूबैल हेतु दी गई भूमि के बदले भूमि दिलवाने, भूमि का सीमाकंन करने, कोविड काल के दौरान अधिग्रहण किए गए वाहन का भुगतान कराने, शराब की ओवर रेटिंग आदि शिकायतें प्राप्त हुई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अविवादित विरासतन के प्रकरण तथा भूमि सीमाकंन के प्रकरणों को त्वरित निस्तारित करें। साथ ही अतिक्रमण एवं सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर मौका मुआवना करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों को अभिलेखीय कार्यवाही पूरी करते हुए यथाशीघ्र निस्तारित करें। भोपालपानी में घरों में पानी घुसने की शिकायत पर 2 विभागों द्वारा कार्यवाही अपेक्षित होने पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्या का स्थाई समाधान किया जाए ।

# सैन्य सम्मान के साथ दौलत कुमार महर को दी अंतिम विदाई

देहरादून। विलासपुर कांडली निवासी सैनिक दौलत कुमार महर को सोमवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए। सैन्य टुकड़ी ने उन्हें इस दौरान सलामी दी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे मिलिट्री अस्पताल से दौलत की पार्थिव देह को उनके विलासपुर कांडली स्थित गांव लाया गया। यहां देह पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। महिलाएं और परिजन विलाप करने लगे। दौलत के अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री और अपनी ओर से पुष्प चक्र अर्पित करते हुए दौलत को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां से गमगीन माहौल में दौलत की अंतिम यात्रा टपकेश्वर घाट के लिए रवाना हुई। गांव के बाहर सैन्य क्षेत्र की सीमा तक अंतिम यात्रा पैदल पहुंची। वहां से फूल माला से सजे सैन्य वाहन में उनकी देह को रखकर टपकेश्वर स्थित घाट ले जाया गया। यहां मुखाग्नि से पहले सैन्य टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। दौलत महज 21 साल के थे। वह करीब 3 साल पहले गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हुए थे। बीते 13 अगस्त को एक हादसे में वह गंभीर घायल हुए थे। उनका सैन्य अस्पताल में उपचार चल रहा था। यहां उनको बचाने के प्रयास सफल नहीं हुए।

पिता ने दी बेटे को मुखाग्निः दौलत महर की चिता को उनके पिता मोहन सिंह महर ने मुखाग्नि दी। पिता बेटे को मुखाग्नि दे रहे थे तो इस दौरान मौके पर मौजूद लोग भावुक हो उठे।

**सैनिक कल्याण मंत्री ने जवान को दी श्रद्धांजलि**

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने लासनायक दौलत सिंह महर के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## उत्तराखंड को केंद्र से मिलेगा 400 मेगावाट थर्मल पॉवर का अतिरिक्त कोटा

देहरादून। उत्तराखंड को केंद्र से बिजली का अतिरिक्त कोटा अब बढ़ कर 400 मेगावाट मिलेगा। वो भी पूरी तरह थर्मल पॉवर के रूप में। अभी केंद्र से मिलने वाला अतिरिक्त कोटा सितंबर में समाप्त होने जा रहा है। सीएम पुष्कर धामी को दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने अतिरिक्त बिजली का कोटा देने की सहमति दी। दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से हुई मुलाकात में सीएम धामी ने कहा कि राज्य की बिजली जरूरतों की सुरक्षा के लिए बेस लोड सुरक्षित बेहद जरूरी है। इसके लिए राज्य को कोयला आधारित थर्मल प्लांट से 400 से 450 मेगावाट स्थायी बिजली का आवंटन किया जाए। उन्होंने अप्रैल से सितंबर 2023 तक औसतन 300 मेगावाट बिजली हर महीने देने पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का आभार जताया। कहा कि उत्तराखंड में बिजली की कुल उपलब्धता में 60 प्रतिशत से अधिक जल विद्युत परियोजनाओं का हिस्सा है। मौसम बदलते ही इससे बिजली की उपलब्धता में अंतर आ जाता है। सर्दियों में जल विद्युत परियोजनाओं से उत्पादन एक तिहाई रह जाता है। सीएम धामी ने कहा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की तकनीकी समिति भी उत्तराखंड आकर जमीनी हालात को देख चुकी है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में भी उत्तराखंड में बेस लोड की अनुपलब्धता को स्वीकार किया है। समिति ने भी उत्तराखंड को कोयला आधारित प्लांट से लगभग 400 मेगावाट उपलब्धता सुनिश्चित कराने को अपनी संस्तुति दी है।




## एसीएस राधा रतूड़ी ने किया वीसी माध्यम से एपावर्ड कमेटी ऑन बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर की 15वीं बैठक में प्रतिभाग

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय मे विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट सचिव भारत सरकार राजीव गौबा की अध्यक्षता में सम्पन्न एपावर्ड कमेटी ऑन बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर की 15वीं बैठक में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, अरविन्द सिंह ह्याकी, पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव निकिता खंडेलवाल, अतर सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### युवाओं ने फेरी बोट संचालन में प्राथमिकता की मांग उठाई

नई टिहरी। टिहरी के स्थानीय युवाओं ने पुनर्वास निदेशक से टिहरी बांध की झील में फेरी बोट संचालन हेतु स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है। युवाओं ने इस संबंध में पुनर्वास निदेशक को ज्ञापन भी दिया। सोमवार को स्थानीय युवाओं ने टिहरी बांध की झील में फेरी बोट संचालन हेतु पुनर्वास विभाग द्वारा निकाले गये ओपन टेंडर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बांध की झील में पूर्व से स्थानीय युवा फेरी बोटों का संचालन करते आये है, ऐसे में स्थानीय युवाओं को बोट संचालन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बोट यूनियन के अध्यक्ष लखवीर सिंह चौहान ने कहा पूर्व से स्थानीय युवाओं द्वारा झील में फेरी बोट का संचालन किया जा रहा है, उन्होंने पुनर्वास निदेशक से स्थानीय युवाओं को उनके अनुभव के आधार पर उन्हें बोट संचालन में प्राथमिकता दिये जाने की मांग की है। कहा इस बार पुनर्वास विभाग ने फेरी बोट संचालन के लिये ओपन टेंडर निकालकर बाहरी लोगों को भी फेरी बोट संचालन के लिये आमंत्रित किया है। उन्होंने पुनर्वास अधिकारी से स्थानीय युवाओं को टेंडर प्रकिया में प्राथमिकता देने की मांग की है। कहा कि स्थानीय युवाओं को फेरी बोट संचालन में प्राथमिकता नहीं दी जाती है, तो वह आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। मांग करने शैलेन्द्र चौहान, विवेक पंवार, प्रवीन रावत, अनुज उनियाल, आशीष रावत, संदीप रावत आदि शामिल हैं।

### गुलदार पकड़ने को पिंजरा लगाने की मांग

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागर में बीते कई दिनों से गुलदार के आंतक से ग्रामीणों में दहशत है। नवागर की ग्राम प्रधान पूनम पंवार ने डीएफओ टिहरी को पत्र देते हुये गुलदार को पकड़े की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि गुलदार द्वारा ग्रामीणों के मवेशियों पर कई बार हमला करने की कोशिश की गई है। ग्राम पंचायत का स्कूल गांव से करीब दो किमी. दूर है, जिसमे गांव के छोटे–छोटे बच्चे पढ़ने जाते हैं, गुलदार की दहशत के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

# सीएम धामी ने सी.आई.आई. के उपाध्यक्ष माधव सिंघानिया से विचार विमर्श किया



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में उत्तराखण्ड में आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले वैश्विक निवेश सम्मेलन में निवेश की संभावनाओं के दृष्टिगत भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई) के उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष दीपक जैन, सी.आई.आई. के उपाध्यक्ष माधव सिंघानिया से विचार विमर्श किया। इस उच्च स्तरीय बैठक में सी.आई.आई. के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को उद्योग जगत के प्रमुखों की भागीदारी सुनिश्चित कर उत्तराखंड के विकास के लिए प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। इस आयोजन में सीआईआई ने निवेशकों और राज्य के बीच संबंधों को बढ़ावा देने में अपनी सहयोगी की बात कही जिससे राज्य के विकास और प्रगति के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में मदद मिल सके। इसके अतिरिक्त, सीआईआई ने राज्य के साथ मिलकर काम करने, पारिस्थितिक संतुलन और समग्र विकास को प्राथमिकता देने के लिए सतत विकास के लिए सीआईआई–आईटीसी उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता की उपलब्धता का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य ने हाल ही में राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए 27 क्षेत्रीय नीतियां बनाई गई हैं। सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था में 41 प्रतिशत योगदान देने वाले सेवा क्षेत्र के लिए एक समर्पित नीति प्रेषित करने की भी योजना बनाई जा रही है। सीआईआई और उत्तराखंड सरकार के मध्य विविध निवेश अवसरों की खोज और सहयोगात्मक पहल इस बैठक के प्रमुख विषय थे, जिन्हें राज्य के विकास को गति देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए केंद्रित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के अध्यक्ष सुभ्रकांत पांडा से भी निवेश से संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि फिक्की के सहयोग से देश व विदेशों में शो आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने फिक्की से उत्तराखण्ड में जमीनी सहयोग पर भी ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। पर्यटन के क्षेत्र में राज्य के निवेश की असीम संभावनाएं है। राज्य में देश के साथ विदेशों से भी इस क्षेत्र में उद्यमी आए इसके प्रयास किये जा रहे है। योग और वेलनेस राज्य की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आकर्षक पर्यटन नीति तैयार की गई है जिसके तहत अनेक क्षेत्रों में सब्सिडी दी जा रही है। पर्यटन क्षेत्र राज्य की आर्थिकी का मजबूत आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से निवेश के लक्ष्य की पूर्ति हेतु सरकार प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करेगी की निवेशकों के हित,ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन, कृषि,बाग़वानी, आयुष, योग,सर्विस सेक्टर और अन्य संभावित क्षेत्रों को और अधिक समृद्धशाली कैसे बनाया जाए इसका रोड मैप लेकर हम अधिक से अधिक निवेश कैसे सुनिश्चित करें , इस पर काम कर रहे हैं। इन्हीं उद्देश्यों के साथ हमने उत्तराखंड में एक निवेश क्रांति लाने का संकल्प लिया है। इन्वेस्टर समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों से लगातार संवाद किया जा रहा है। विभिन्न बैठकों में निवेशकों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट–2023 से निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ेगें एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग जगत में हो रहे नए नवाचारों से हमारे उद्यमियों को भी लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारम्भ किये गये मेक इन इंडिया और पी. एम. गति शक्ति जैसी केन्द्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं में उत्तराखण्ड के उद्यमी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# चीनी मिल बंद करने और टाउनशिप योजना के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



रिषिकेष। किसानों ने डोईवाला चीनी मिल को बंद किए जाने के प्रस्ताव और टाउनशिप योजना के विरोध में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चीनी मिली से क्षेत्र के किसानों की आजीविका जुड़ी है। उन्होंने चीनी मिल को बंद नहीं करने का मामला उठाया।

सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा के किसानों ने गुरुद्वारे से लेकर चीनी मिल गेट तक आक्रोश रैली निकाली। रैली में किसान और महिलाएं हाथों में गन्ना लेकर प्रदर्शन करते हुए मिल गेट तक पहुंचे। वहां उन्होंने सीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया। सपा नेता फुरकान अहमद कुरेशी ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है। पहले ही सरकार डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप बनाकर किसानों को बर्बाद करना चाहती है, अब यहां से चीनी मिल को बंद करने का प्रस्ताव भी तैयार हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार के इस निर्णय की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। गन्ना समिति के अध्यक्ष मनोज नौटियाल और भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि आज सरकार किसानों और मजदूरों की रोजी रोटी छीनने का काम कर रही है। इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि किसानों के हितों के लिए कांग्रेस सड़क पर उतरेगी और किसानों को पूर्ण रूप से समर्थन देगी। डोईवाला चीनी मिल को किसी भी हालत में बंद नहीं होने दिया जाएगा।

## आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। मसूरी पुलिस ने दुराचार और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को देहरादून के सहस्त्रधारा रोड स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। मसूरी कोतवाली में एक युवक के खिलाफ तहरीर दी गई कि आरोपी राहुल कुमार ने शीतल को पेय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुराचार किया। उसने इसका वीडियो बना कर ब्लैकमेल कर रहा है। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफतार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवती ने सहस्त्रधारा रोड, देहरादून निवासी राहुल कुमार पर आरोप लगाया कि उसने दुष्कर्म का वीडियो बनाया और उसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर रहा था, वह गर्भपात कराने के लिए भी दबाव बना रहा था।

# रातोंरात सड़क की खुदाई पर भड़के ग्रामीण

ऋषिकेश। ग्राम सभा खदरी खड़कमाफ के लक्कड़ घाट बाईपास रोड को खोदे जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने इसके विरोध में पुलिस चौकी में शिकायती पत्र भी दिया। लोगों ने पीडब्ल्यूडी पर जानबूझकर सड़क खोदकर लोगों की जान खतरे में डालने का आरोप लगाया। सोमवार को खदरी खड़कमाफ के ग्रामीणों ने बाईपास चौकी में शिकायती पत्र दिया। समाजसेवी विनोद चौहान ने कहा कि बीते दिनों हुई बरसात से श्यामपुर के गुलजार फार्म में जलभराव की समस्या के लिए नालियों का कार्य किया जा रहा है। गुलजार फार्म की सड़कें ध्वस्त होने से ग्रामीण लक्कड़ घाट बाईपास होकर हाईवे के लिए जा रहे हैं। कहा कि बिना सर्वे और रोड मैप के लक्कड़ घाट बाईपास मार्ग पर रातोंरात गैर जिम्मेदाराना तरीके से जेसीबी चला दी गई। सड़क पर जेसीबी चलने से सड़क का एक चौथाई भाग ही बचा है। सड़क की खुदाई से ग्रामीणों की पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

इससे ग्रामीणों को समस्या हो रही है। बरसात के समय सड़क पर कीचड़ होने से स्कूली बच्चों और महिलाओं, बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन कीचड़ में फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## गंगानगरवासियों का नगर निगम में प्रदर्शन

ऋषिकेश। बीते कई दिनों से जलभराव की समस्या झेल रहे गंगानगर के लोगों ने सोमवार को नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द जल निकासी करवाने और समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई है। सोमवार को गंगानगर बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले लोग नगर निगम परिसर में एकत्रित हुए। उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते दिनों हुई बारिश के बाद से गंगानगर क्षेत्र में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। इससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र में तेजी से आबादी बढ़ रही है, लेकिन यहां जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र के अपार्टमेंट में जल भराव हो रखा है। इससे इन इमारतों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। क्षेत्र में गुल्हाटी प्लॉट से परशुराम चौक तक नाले का निर्माण करवा दिया जाए तो रेलवे स्टेशन और जंगल की ओर से आने वाला पानी सीधे चुंगी तक पहुंच जाएगा और गंगानगर में पानी नहीं आएगा। इसके साथ ही गंगानगर गली नंबर दो में भूमिगत नाले का निर्माण किया जाए। इस दौरान लोगों ने नगर निगम के नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपा।

## सुद्धोवाला जेल में कैदियों संग पौधरोपण किया

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन इनवायरमेंट सोसायटी की ओर से जिला कारागार सुद्धोवाला में पौधरोपण किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। मौके पर जेल अधीक्षक दधिराम और जेलर पवन कोठारी भी मौजूद रहे।

सोसायटी संस्थापक राम कपूर बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 30 पौधी रोपे गए। जिनमें पीपल, बरगद, पिलखन, नीम, आम, नाशपाती, सिल्वर ऑक आदि शामिल थे।

# बम भोले के उद्घोष से गूंजे शिवालय



ऋषिकेश। सोमवार को शिवभक्तों ने शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। बम भोले के उद्घोष से शिवालय गूंजते रहे। नीलकंठ महादेव में भी बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। सोमवार को तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। खासकर नीलकंठ महादेव, सोमेश्वर महादेव, चंद्रेश्वर महादेव, वीरभद्र महादेव, वनखंडी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना को अधिक भीड़ रही। ग्रामीण आंचल में स्थित शिवमंदिरों में भी भोर पहर ही पट खोल दिये गये। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल–फल चढ़ाकर पूजन किया। सुबह के समय तेज बारिश भी शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी। नीलकंठ महादेव मार्ग बाधित होने से सुबह के समय श्रद्धालुओं को दो घंटे इंतजार करना पड़ा। लेकिन मार्ग खुलते ही बड़ी संख्या में लोग नीलकंठ महादेव में जलाभिषेक के लिए पहुंचे। ज्योतिषी कैलाश घिल्डियाल के मुताबिक सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक लाभकारी था। सुखी जीवन एवं ग्रहों की शांति के लिये सोमवार को जलाभिषेक करने वाले की परेशानियां दूर होगी। बताया कि अगस्त माह के अंतिम सोमवार को भी शिव मंदिरों में जल चढ़ाना लाभदायक रहेगा।

## सत्यापन नहीं कराने पर काटे मकान मालिकों के चालान

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश पर चलाए गए सत्यापन अभियान के तहत जिले भर में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 29 मकान मालिकों के चालान काटे गए। इस दौरान जिले भर में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में 127 किराएदार, 103 मजदूर, 18 रेड़ी ठेली वालों के सत्यापन की कार्रवाई की गई। सत्यापन न करने वाले 29 मकान मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2 लाख से अधिक के चालान काटे गए। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि अभियान के तहत कोटद्वार में 21, श्रीनगर 7, यमकेश्वर में 1 के चालान कोर्ट को भेजे गए। बताया कि बाहरी राज्यों से आए छात्रों, श्रमिकों, किराएदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई करने को लेकर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

## डीएम ने सिडकुल कोटद्वार से आने वाले राजस्व की डिटेल मांगी

**पौड़ी** : जिला स्तरीय राजस्व संवर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में बैठक में विद्युत, परिवहन, आबकारी, खनिज न्यास, वन विभाग, निबंधक, सिंचाई अदि विभागों के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष धीमी प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने राज्य कर विभाग श्रीनगर को सीजीएसटी व एसजीएसटी की अलग-अलग रूप से डिटेल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्य कर विभाग की कोटद्वार शाखा को सिडकुल से आने वाले राजस्व की डिटेल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। राजस्व संवर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने संबंधित विभागों को राजस्व संवर्द्धन में सक्रियता से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व संवर्द्धन के तहत सम्भागीय परिवहन कार्यालय पौड़ी व कोटद्वार द्वारा 26 फीसदी, भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा 19 फीसदी, आबकारी विभाग द्वारा 48 फीसदी, वन विभाग द्वारा 17 फीसदी राजस्व वसूला गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, खनन न्यास अधिकारी रवि नेगी, राज्य कर आयुक्त श्रीनगर चंचल चौहान, डीटीडीओ प्रकाश खत्री, एसडीओ विद्युत गोविन्द रावत आदि शामिल थे।

# भरने लगे आपदा के दिए जख्म, बेघरों को सताने लगी छत की चिंता

### खोह नदी के सैलाब में बह गए थे सैकड़ों परिवारों के आशियाने , आपदा राहत शिविरों में रह हे परिवारों के पुनर्वास की बढ़ी चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अतिवृष्टि व नदी-नालों के विकराल रुप से बची तबाही के जख्म धीरे-धीरे भरने लगे हैं। लेकिन, अब बेघर हुए लोगों को छत की चिंता सताने लगी है। दरअसल, प्रभावित अधिकांश परिवार सरकारी भूमि पर कब्जा कर रह रहे थे। ऐसे में लगता नहीं है कि प्रशासन इन लोगों को दोबारा उक्त स्थान पर बसने की इजाजत देगा। प्रशासन के समक्ष भी इन लोगों को दोबारा पुनर्वास देना एक चुनौती बन रही है।

आठ अगस्त व 13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि के कारण खोह नदी के साथ ही क्षेत्र के अधिकांश गदेरे उफान पर बह रहे थे। खोह नदी ने जहां गाड़ीघाट, काशीरामपुर तल्ला व झूलाबस्ती क्षेत्र के 33 भवनों को ताश के पत्तों के समान धराशायी कर दिया था। वहीं, बहेड़ा स्त्रोत गदेरे के तेज बहाव में 18 भवन ध्वस्त हो गए थे। वर्तमान में 140 से अधिक परिवार आसपास के वेडिंग प्वाइंट में दिन काट रहे हैं। लेकिन, अब स्थिति सामान्य होने के साथ ही इन परिवारों के समक्ष भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित अधिकांश परिवार खोह नदी के तट पर सरकारी भूमि में कब्जा कर पक्का मकान बनाकर रह रहे थे। ऐसे में प्रशासन इन परिवारों को दोबारा उक्त स्थान पर बसने की इजाजत दे दें इसकी दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। वेडिंग प्वाइंट स्वामी भी बुकिंग की बात कहकर प्रभावितों को उनका स्थान खाली करने को कह चुका है।

### रंग बदल रहा आसमान

13 अगस्त की रात अतिवृष्टि के बाद धीरे-धीरे हालात सामान्य होने लगे हैं। लेकिन, कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में लगातार रंग बदल रहा आसमान लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। आसमान में छा रहे काले बादल कब दोबारा तबाही बनकर बरसे इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। नदी व गदेरों के आसपास रह रहे परिवारों की निगाहें आसमान पर ही बनी हुई हैं।

### बच्चों के भविष्य की भी चिंता

खोह नदी व बेहडास्त्रोत के तेज बहाव में बेघर हुए परिवारों के समक्ष अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भी चिंता सताने लगी है। पाई-पाई जोड़कर खड़े किए भवन के साथ नदी बच्चों की किताब, कापी व अन्य शैक्षिक सामग्री बहाकर ले गई है। ऐसे में अभिभावकों की चिंता और अधिक बढ़ने लगी है। वहीं, स्नातक की पढ़ाई पूरी कर नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं के शैक्षणिक दस्तावेज भी नदी में बह चुके हैं।



कोटद्वार में 13 अगस्त की रात अतिवृष्टि से धराशायी हुआ भवन का हिस्सा

# जयंती पर कवि चंद्र कुंवर बड़थ्वाल को किया याद



आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में हिमवंत कवि चंद्र कुंवर बड़थ्वाल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हिंदी विभाग एवं साहित्यक भारती के द्वारा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की संरक्षिका प्रोफेसर जानकी पंवार ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़थ्वाल का राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ स्थानीय साहित्यकारों, जिनका हिंदी साहित्य में विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग प्रभारी एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शोभा रावत ने पीपीटी के माध्यम से हिमवंत कवि चंद्र कुंवर बड़थ्वाल के जीवन, रचनाओं एवं मात्र 28 वर्ष की अल्पायु होने पर भी साहित्य में उनके अनमोल योगदान के विषय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही बताया कि समीक्षकों द्वारा बड़थ्वाल को हिंदी साहित्य के कीट्स, हिंदी सहित्य के कालिदास एवं हिमवंत कवि की उपमा दी गई। डॉ. सुमन कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को बड़थ्वाल की रचनाओं के विषय में अवगत कराया। डॉ. विजयलक्ष्मी ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए बड़थ्वाल के जीवन एवम रचनाओं से अवगत कराया।

## अवनी और वैष्णवी को मिलेगी छात्रवृत्ति

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत हिंसरियाखाल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गवाणा की दो छात्राओं का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना के लिए हुआ है। कक्षा चौथी की छात्रा अवनी राणा ने जनपद में दूसरा और वैष्णवी ने 16वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार कोटनाला व अभिभावकों ने दोनों छात्राओं का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना के लिए होने पर खुशी जाहिर की है। इसके लिए अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक के प्रयासों की सराहना भी की। प्रधानाध्यापक कोटनाला ने बताया कि दोनों बालिकाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृति प्राप्त होगी। (एजेंसी)

# पॉलीथिन के बजाय कपड़े से निर्मित थैले का करें उपयोग



आयोजित कार्यक्रम में आमजन को जागरूक करती क्लब की महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इनरव्हील क्लब की ओर से कौड़िया चेकपोस्ट पर इको ब्रिक्स की सहायता से एक बेंच का निर्माण किया गया। जिसमें आमजन को पॉलीथिन के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए उनसे कपड़े से निर्मित थैले का प्रयोग करने की अपील की गई।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने किया। उन्होंने इनरव्हील क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर क्लब सदस्यों की ओर से उपस्थित लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय में जानकारी दी गई और पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े का थैला प्रयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लतिका गोयल, सचिव सीमा उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रभा पोखरियाल, राजकमल माहेश्वरी, सोनिया अग्रवाल व मीना आदि उपस्थित रहे।

# खुशी गिरया बनी मिस लैंसडौन



मिस लैंसडौन बनने वाली खुशी गिरया को ताज पहनाती मुख्य अतिथि डा. सोनिया आनंद रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लैंसडौन में अभ्युदय परिवार की ओर से मिस ब्यूटी कांस्टेट का आयोजन किया गया। इस दौरान खुशी गिरया को मिस लैंसडौन का खिताब मिला।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. सोनिया आनंद रावत, बीना कुकरेती, नीरा आनंद व भावना वर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डा. सोनिया आनंद रावत ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं व युवतियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। हमें अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। इसके उपरांत महिला व युवतियों ने कैट वाक में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता को लेकर महिलाओं व युवतियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान खुशी गिरया ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मिस लैंसडौन का खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना शर्मा, टीसी शर्मा, प्रेम थापा, रामेश्वरी बड़थ्वाल, मीना अधिकारी, विजेंद्र दत्त सुंदरियाल, लता खंडेलवाल, शिप्रा मोहन, भावना सती, अनिल राणा, मोहित बेरानी आदि मौजूद रहे।

# मॉडल के माध्यम से दिखाई वैज्ञानिक सोच

### रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में हुई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विद्या भारती की ओर से रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। 18 अक्टूबर को प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि एक बेहतर सोच ही बेहतर भारत का निर्माण कर सकती है।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उपप्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, विद्यालय विज्ञान विभाग प्रभारी राहुल भाटिया, उप प्रभागीय संगीता रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि विज्ञान में शोध एवं अविष्कार की असीम संभावनाएं है।

ऐसे में छात्र-छात्राओं को चाहिए की वह विज्ञान विषय को गहनता से समझे। मीडिया प्रभारी रोहित बलोदी ने बताया कि विद्यालय में तीन वर्गों में माडल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में 51 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

किशोर वर्ग में 56 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बाल वर्ग में कक्षा सात से केशव, कक्षा नौ से कुमकुम रावत, दसवीं कक्षा से अभिषेक व 11 वीं कक्षा से आयुष पोखरियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 18 अक्टूबर को प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर राजन शर्मा, शिवराम बड़ोला, संगीता कुकशाल, मोहन सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मॉडल देखते शिक्षक

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनता का जागरूक होना जरूरी




कोटद्वार के महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस की ओर से महर्षि विद्या मंदिर कोटद्वार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

महर्षि विद्या मंदिर कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात निरीक्षक शिवकुमार ने विद्यार्थियों को नियमों की जानकारी दी। कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से ही अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए हमें वाहन चलाने से पहले आवश्यक नियमों का आवश्यक पालन करना चाहिए। प्रत्येक वाहन चालक को सड़क के किनारे बोर्ड पर लगे यातायात चिन्हों की बेहतर जानकारी होनी चाहिए। यातायात पुलिस ने जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की भी अपील की। इस दौरान नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन न चलाने की सीख दी गई। कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वाहन चलना कानूनन अपराध है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने सदैव यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## 100 मी. दौड़ में सौरभ और आराधना ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : सरस्वती शिशु मंदिर चौरास के खेल मैदान में सरस्वती शिशु मंदिरों की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 100 मी. दौड़ में शिशु मंदिर श्रीकोट के सौरभ प्रथम, बालिका वर्ग में शिशु मंदिर चौरास की आराधना, 200 मी. बालक वर्ग में बगवान के दिशांत, बालिका वर्ग में अक्षिता, 400 मी. दौड़ में कृष्णा व आरुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में शिशु मंदिर चौरास ने प्रथम, बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में शिशु मंदिर श्रीनगर, गोला फेंक में श्रीनगर के शिवम, मढ़ी चौरास की प्रिया ने प्रथम, लम्बी कूद में बगवान के दिक्षांत, मढ़ी चौरास की आराधना, ऊंची कूद में श्रीनगर के मोहित, चक्का फेंक में बालक वर्ग में मढ़ी चौरास के शौर्य व बालिका वर्ग में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर मढ़ी चौरास के प्रधानाचार्य राकेश चमोली, संकुल प्रमुख गोविंद सिंह, शिशु मंदिर भक्तियाना के प्रधानाचार्य प्रहलाद किशोर नौटियाल, तृप्ति भास्कर, आशुतोष गौरोला, नरेश नौटियाल, प्रकाश सिंह, वेद किशोर रयाल, जीतपाल सिंह नेगी, धमेंद्र सिंह, संजय गैरोला, प्रियंका, रजनी, मनीष, नीलम, पुष्कर, कपिल ने सभी विजेता छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी। (एजेंसी)

# चोरी के सामान के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पौड़ी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। तीन अभियुक्त उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर थाना मण्डावली के निवासी है।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त 2023 को वादी प्रभात कुमार पुत्र हुकम सिंह, निवासी अपर बाजार श्रीनगर द्वारा कोतवाली पौड़ी में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि 19 अगस्त 2023 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा पाबौ चोपडियों पॉलिटेक्निक के पास सड़क किनारे रखे बिजली के तार चोरी कर लिये हैं। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पौड़ी पर आईपीसी की धारा 379 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुये अभियोग के सफल निस्तारण व अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोविन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चैकिंग सोमवार को बुआखाल के पास एक वाहन से चोरी के दो सिल्वर रंग के बिजली के तार के बंडल बरामद हुए। जिस पर पुलिस टीम ने वाहन में सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्होंने तार के बण्डल पाबौ के चोपड़ियों से चोरी किये हैं। साथ ही अभियुक्तों से उक्त सामान के अलावा 02 चांदी के छतर (एक बडा एक छोटा), एक स्कूल का कार्ड, एक चैक बुक, आधार कार्ड व 3,850 रूपये नगद बरामद किये। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तों ने बताया कि यह सामान उन्होंने श्रीनगर रोड़ से थोडी दूर एक गांव में 5-6 मकानों के ताले तोड़े परन्तु वहाँ से कुछ नहीं मिला, केवल एक घर से यह सामान मिला था। उक्त बरामद माल के सम्बन्ध में 18 अगस्त 2023 को वादिनी मधु खुगशाल प्रधान ग्राम बैंज्वाडी ने थाना पौड़ी पर आईपीसी की धारा–380/454 भादवि पंजीकृत कराया गया है। जिस सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। पुलिस ने दानिश पुत्र यूनुस उम्र (23-वर्ष) अरशद पुत्र असरफ (उम्र-38 वर्ष), मौ0 साकिब पुत्र मौ0 जाकिर (उम्र-20 वर्ष) निवासी ग्राम नारायणपुर, रतनपु, थाना मण्डावली, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अरशद के खिलाफ थाना मंडावली, बिजनौर उत्तर प्रदेश में पशु क्रूरता अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम, आबाकारी अधिनियम के तहत मुकदमें दर्ज है। पुलिस टीम नें चौकी प्रभारी पाबौ दीपक पंचार, उपनिरीक्षक सिद्धार्थ सिंह, हेड कांस्टेबल दलिप सिंह, कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह, रविन्द्र भट्ट आदि शामिल थे।

# नन्दा देवी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



अल्मोड़ा। नंदा देवी मंदिर एवं गीता भवन समिति की एक बैठक अल्मोड़ा के गणमान्य व्यक्तियों एवं मातृशक्ति के साथ रविवार को आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि मां नंदा का मेला पौराणिक व एतिहासिक मेला है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में लोग इस नन्दा देवी मेले में भागीदारी करते हैं। बैठक में कुमाऊंनी संस्कृति छोलिया, बैर, भगनोल, झोड़े को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मेले को सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में बताया गया कि विगत वर्ष की मेला समिति ही इस वर्ष मेले का संचालन करेगी तथा समिति में नए सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। 21 सितंबर को कदली को आमंत्रण एवं 22 सितम्बर को बाजार होते हुए मां नन्दा देवी परिसर में कदली वृक्ष लाए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा कर नंदा देवी की मूर्तियों का निर्माण किया जाएगा। 23 को अष्टमी व 27 को 4 बजे मां की शोभा यात्रा होगी। मेला नंदा परिसर व एडम्स मैदान में आयोजित किया जाएगा। पूजा मंदिर परिसर एवं मल्ला महल में होगी।

## बागेश्वर में ग्रामीण की संदिग्ध हालात में मौत

बागेश्वर। झिरौली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत असों मल्ला निवासी एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। परिजन उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाए। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काफलीगैर तहसील के असों मल्ला गांव निवासी 53 वर्षीय पान सिंह पुत्र गोपाल सिंह को ग्रामीण सोमवार की सुबह अस्पताल लाए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव कब्जे में लिया। पंचनामा भरकर उसका पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में किसी ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है, अलबत्ता पुलिस अपने स्तर से जांच करा रही है।

# जीआईसी पीपलकोट में खेल सामाग्री की प्रदर्शनी लगाई



पिथौरागढ़।मूनाकोट विकासखंड के जीआईसी पीपलकोट में खेल सामाग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। सोमवार को प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत विद्यालय को 25 हजार की धनराशि मिली। उक्त धनराशि से विभिन्न खेल सामाग्री क्रय की गई है।कहा कि व्यायाम शिक्षक मनोज सिंह सौन की देखरेख में विद्यालय के छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां केएस सौन, सुरेंद्र कुमार यादव, पंकज पांडेय, विनय जोशी, तारा दत्त भट्ट आदि मौजूद रहे।

# आबकारी अधिनियम से संबंधित वांरटी अभियुक्त गुरुग्राम से किया गिरफ्तार



अल्मोड़ा। रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को न्यायालय से जारी समन, नोटिस एवं वारंट आदि की शत प्रतिशत तामीली करते हुए वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट फौजदारी वाद संख्या– 89/2021, धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त अमित कुमार शंखधर निवासी गुड़गांव, हरियाणा, न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था तथा नवंबर, 2020 से फरार चल रहा था। सल्ट पुलिस द्वारा ठोस सुरागरसी पतारसी करते हुए रविवार 20 अगस्त को दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## क्लेम केस में फर्जी रसीदें लगाने के आरोपी की जमानत मंजूर

काशीपुर। मोटर दुघर्टना क्लेम के मामले में कोर्ट में कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करने के एक आरोपी की जमानत द्वितीय एडीजे रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत से मंजूर हो गई। इस केस में एक आरोपी की जमानत खारिज हो चुकी है। 23 अगस्त 2022 को प्रथम एडीजे कोर्ट की अहलमद कृष्णा हितैषी ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नरेश कुमार बनाम दि न्यू इण्डिया एश्योरेंस कंपनी के एमएसीटी केस में परिवादी नरेश कुमार ने क्लेम प्राप्त करने के लिए अपने मुख्तारखास राजपाल सिंह और चौहान एंबुलेंस सर्विस के साथ आपराधिक षडयंत्र कर कोर्ट में मिथ्या एवं कूटरचित रसीदें पेश की। तहरीर पर पुलिस ने परिवादी नरेश कुमार, उसके मुख्तारखास राजपाल सिंह एवं चौहान एंबुलेंस सर्विस के खिलाफ केस दर्ज किया था।

# गुमशुदा सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी का नहीं चला पता



अल्मोड़ा। बीती 14 अगस्त से लापता देवेंद्र सिंह जीना का पता नहीं चल पाया है। स्यालीधार निवासी सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र सिंह जीना की गुमशुदगी कोतवाली अल्मोड़ा में दर्ज की गई थी। गुमशुदा की तलाश को गठित टीम द्वारा प्रयास जारी हैं।

गठित टीम में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस, एसओजी, साईबर सेल व एसडीआरएफ के कर्मचारी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा के नेतृत्व में टीम प्रभारी उपनिरीक्षक बिशन लाल, प्रभारी चौकी एनटीडी द्वारा पुलिस टीम के साथ गुमशुदा के पम्फ्लेट अल्मोड़ा नगर व आसपास के क्षेत्रों में चस्पा किये गये हैं। गुमशुदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु उनके परिजनों व आस–पास के लोगों से गहन पूछताछ करते हुए सभी संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है। आने जाने वाले वाहन चालकों को गुमशुदा की फोटो/पम्फ्लेट दिखाकर पूछताछ की जा रही है। अल्मोड़ा नगर में स्थापित सभी सीसीटीवी फुटेज का गहनता से अवलोकन किया गया है। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु स्यालीधार सिटोली व ग्राम सनौला के जंगलों में गहन चेकिंग करते हुए कांबिंग की गई तथा कोसी से क्वारब तक नदी किनारे व नदी के आस–पास सर्च अभियान चलाया गया है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर गुमशुदा की तलाश के संबंध में प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। डॉग स्क्वाड व ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी तलाश की जा रही है। सर्च अभियान में स्थानीय लोगों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

# ब्लॉक स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव का रंगारंग समापन



बागेश्वर। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून के तत्वावधान में सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव के तहत ब्लॉक स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव का आयोजन हुआ। विकास खंडो के कुल 48 विद्यालयों के लगभग 800 बच्चों ने प्रतिभाग किया। अव्वल रहने वाले प्रतिभागी 26 अगस्त को जिले में आयोजित महोत्सव में भाग लेंगे। कपकोट, गरुड़ तथा बागेश्वर ब्लॉकों में आयोजित महोत्सव के अंतर्गत नाटक, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, हिंदी एवं स्थानीय भाषा कविता पाठ, अंग्रेजी भाषा समेत कुल पांच गतिविधियों में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। प्रत्येक विकासखंड से चयनित 40–40 बाल वैज्ञानिक जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर पर सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव का आयोजन 26 अगस्त को विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में होगा। जनपद से चयनित 40 बाल वैज्ञानिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जाएंगे। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद यूकोस्ट देहरादून के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत के निर्देशन में सीमांत जनपदों बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली के बाल वैज्ञानिक राज्य स्तरीय सीमांत विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। तांकि दूरस्थ क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को भी और अधिक अवसर प्राप्त हो सके।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

अल्मोड़ा। एनटीडी फुटबॉल क्लब द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय मोहनलाल वर्मा मेमोरियल सिक्स ए साईड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रैमजे ग्राउंड हीरा डूंगरी में 25 अगस्त से किया जाना सुनिश्चित किया गया। क्लब के अध्यक्ष मुकेश नेगी द्वारा बताया गया कि इस बार टूर्नामेंट में 16 टीमों को प्रवेश दिया जाएगा जीतने वाली टीम को 11000 व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5000 व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा टूर्नामेंट में गोल्डन बूट, गोल्डन ग्लव्स आदि आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा।

# शराब के नशे में खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा कार चालक गिरफ्तार



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों, निरीक्षक, उपनिरीक्षक यातायात व इण्टर सेप्टर प्रभारी को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, ओवरसवारी, ओवर स्पीड, रैश ड्राइविंग करने एवं रेट्रो साइलेंसर का प्रयोग कर स्टंट बाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। रविवार को थाना दन्या पुलिस के चौकी प्रभारी जागेश्वर उपनिरीक्षक बलबीर सिंह द्वारा चेकिंग के दौरान पनुवानौला बाजार में वाहन संख्या– यूके01सी 9138 ऑल्टो कार के चालक मोहन सिंह रावत निवासी मल्ला गैराड़, झाकरसैम दन्या, अल्मोड़ा को शराब के नशे में खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर ऑल्टो कार को सीज किया गया।

# जसपुर के पतरामपुर में किसान इंतजार करते रहे,नहीं पहुंचे अफसर

काशीपुर। पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए परिवारों की भूमि की नापजोख करने का आश्वासन देने के बावजूद सोमवार को राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे। इससे नाराज ग्रामीणों और भाकियू ने प्रभावित परिवारों के रहने के इंतजाम करने के लिए मंगलवार से टिनशेड निर्माण करने का निर्णय लिया है। बता दें कि गत 29 मई को प्रशासन ने ग्राम पतरामपुर में अतिक्रमण हटाया था। पीड़ित परिवारों का शुरू से ही कहना है कि प्रशासन ने खसरा नंबर 290 के बजाय खसरा नंबर 287 से आवासीय भवन तोड़ दिए। इससे 30 परिवार बेघर हो गए। पीड़ित परिवार इधर–उधर भटक कर प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। बताते हैं कि शनिवार को इन परिवारों के अस्थाई आवास के लिए टिनशेड बनाने को ग्रामीण दीवार का निर्माण कर रहे थे। प्रशासन ने एक दिन की मोहलत लेकर दीवार का निर्माण रुकवा दिया था। सोमवार को पीड़ित परिवार, भाकियू अधिकारियों का इंतजार करते रहे। अधिकारियों के न पहुंचने पर लोगों ने मंगलवार को दीवार का निर्माण कराने की घोषणा की। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सहोता ने बताया कि मंगलवार को पीड़ितों के अस्थाई आवास के लिए टिनशेड डालने को दीवार का निर्माण होगा। यहां अमनप्रीत सिंह, दर्शन सिंह, जागीर सिंह, जगजीत, सुरजीत सिंह, देवेंद्र सिंह,धर्मेंद्र सिंह, नजीर अहमद, सुखदेव सिंह, गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, शमीम अहमद, ठाकुर सिंह, मोनू खान, आशिक अली, गुरदेव सिंह, बगीचा सिंह, दारा सिंह, गुरप्रीत सिंह, लेखराज सिंह आदि रहे।

## रेलवे पेंशनर्स ने उठाई सेना की तर्ज पर ओआरओपी की मांग

काशीपुर। पूर्वात्तर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। नेशनल इंक्रीमेंट तथा सेना की भांति ओआरओपी आदि मांगें रखीं गईं।

रेलवे स्कूल में संजय राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम आय–व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया। पदाधिकारियों ने संस्था एवं संगठन के बारे में विभिन्न जानकारियां दीं। बैठक में नेशनल इंक्रीमेंट की सफलता के बारे में जानकारी दी गई।

# शत–प्रतिशत मतदान को हुई वाल पेंटिंग प्रतियोगिता




बागेश्वर। स्वीप टीम ने उपचुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए वाल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। विद्यार्थियों ने सुंदर पेंटिंग बनाई। लोगों को मतदान का मतलब बताया और 18 वर्ष होने पर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। राइंका वज्यूला की कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की, डॉ. हरीश दफौटी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत वाल पेंटिंग का आयोजन किया गया। राइंका वज्यूला के अलावा जनता जूनियर हाईस्कूल अयारतोली, राउमावि कोट फुलवाड़ी आदि के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। विभिन्न स्लोगनों, सी–विजील, सक्षम एप आदि की सुंदर वाल पेंटिंग्स बनाई। कला समन्वयक कार्की ने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य लोकतंत्र के भाग्य विधाता जागरूक मतदाता को मतदान में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करना है।

# धूमधाम से मनाया केएमवीएन का स्थापना दिवस



अल्मोड़ा। कुमाऊँ मण्डल में पर्यटन एवं अन्य विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड ने 21 अगस्त को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। निगम प्रबन्धन द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां होली डे होम में स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर केक काटा गया। अल्मोड़ा गैस सर्विस के प्रबंधक मुकेश ज़लाल ने बताया कि स्थापना दिवस पर पर सभी पर्यटक आवास गृह, गैस एजेंसियों, रोपवे और शॉपिंग कॉम्पलेक्स में समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही उपभोक्ताओं और पर्यटकों को विशेष छूट दी गई। वहीं स्थापना दिवस पर पर्यटक आवास गृह में पर्यटकों को टैरिफ दरों में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

## गुमशुदा नाबालिग को परिजनों को सौंपा

पिथौरागढ़। नगर में गुमशुदा एक नाबालिग को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक कुमौड़ निवासी आरती देवी ने कोतवाली में तहरीर दी कि उनका 15 वर्षीय बेटा ट्यूशन के लिए घर से गया था, लेकिन काफी समय बाद भी वह घर नहीं आया।

कोतवाल पंकज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने खोजबीन शुरू की और कुछ समय में ही नाबालिग को खोज निकाला। उसने बताया कि वह अपने दोस्त के घर चला गया था।

# विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर हुई गोष्ठी

नैनीताल। कुमाऊंविश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग में सोमवार को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर गोष्ठी हुई। जिसमें युवाओं को उद्यम आधारित सोच विकसित करने के बिंदुओं पर व्याख्यान दिया गया। वाणिज्य विभाग के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उद्यमी गगन आनंद ने स्वरोजगार क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। कहा, स्वरोजगार शुरू कर अन्य को भी रोजगार देना सफल उद्यमी की पहचान है। गगन आनंद ऑक्सफोर्ड से पढ़ाई के बाद बैंक अधिकारी के रूप में तैनात रहे पर अब वह पंगोट में खुदका उद्यान कर रहे हैं। विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि सभी छात्रों को भविष्य की नींव अभी से रखनी होगी। युवाओं को नौकरी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, लिहाजा वह एक सफल उद्यमी बनने के लिए दिशा और दशा स्वयं तय करें। गोष्ठी को डॉ. आरती पंत, डॉ. ममता जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. पूजा जोशी ने संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. निधि वर्मा, प्राध्यापक डॉ. तेज प्रकाश, अंकिता आर्या, प्रीति राणा, सूबिया नाज, रीतिशा शर्मा, मीनू जोशी, अनिल ढैला, घनश्याम पालीवाल, बिशन कुमार, राधा मौजूद रहीं।

## छात्रा की आईडी हैक कर दोस्तों को लुभावने मैसेज भेजे

नैनीताल। डीएसबी परिसर की एक छात्रा की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर हैकर उसके दोस्तों को मैसेज कर किसी योजना में रुपये लगाने को कह रहा है। छात्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# जयन्ती पर दीवान सिंह नयाल को किया याद



जयन्त प्रतिनिधि। दिल्ली : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी और दिल्ली-एनसीआर में उत्तराखंड मूल के लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित रहे दीवान सिंह नयाल को उनकी 66वीं जयंती पर याद किया गया। दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में बुरांस साहित्य एवं कला केंद्र द्वारा आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं ने दिल्ली-एनसीआर में उत्तराखंड समाज के हितों के लिए स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। दिल्ली शिक्षा विभाग में उप-निदेशक पः पर कार्यरत डॉक्टर राजेश्वरी कापड़ी ने कहा दीवान सिंह नयाल पिछड़े,गरीब और निम्न तबके के बच्चों की शिक्षा को लेकर बहुत समर्पित भाव के काम करते थे। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सुषमा जुगरान ध्यानी ने कहा कि दिल्ली में उत्तराखंड की भाषा अकादमी के गठन को लेकर दीवान सिंह नयाल ने फार्म भरवाकर लोगों के हस्ताक्षर कराने की अहम मुहिम चलाई थी। भाजपा नेता नरेंद्र सिंह लडवाल ने कहा कि स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल एक सच्चे समाजसेवक और विनम्र राजनेता थे। दिल्ली भाजपा के मंत्री विनोद बछेती ने किरण नेगी हत्याकांड की न्यायिक जांच की मांग को लेकर दिल्ली में चले आंदोलन में दीवान सिंह नयाल की सक्रियता को याद किया। कांग्रेस के नेता हरपाल रावत ने दीवान सिंह नयाल को एक कुशल संगठनात्मक क्षमता वाले नेता के तौर पर याद किया। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य महेश चंद्रा ने दीवान सिंह नयाल को दिल्ली महानगर में पहाड़प्रेम की बयार बहाने वाला विनम्र राजनीतिज्ञ बताया। वहीं प्रोफेसर हरेंद्र असवाल, वरिष्ठ पत्रकार वेद विलास उनियाल, प्रशासनिक अधिकारी और लेखक मितेश्वर आनंद, उतराखण्ड राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, प्रोफेसर मृदुला जुगरान, रोहतास सिंह ने दीवान सिंह नयाल के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल की धर्मपत्नी बंसती देवी नयाल, पुत्री बीना नयाल, सुरेश नयाल, दीपिका नयाल दियोपा, दिनेश नयाल, अमित चौहान, वीरेंद्र दियोपा, राजू पांडे, दीपा चतुर्वेदी, लेखक एमआर धस्माना, सुशील पुरोहित सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। परिचर्चा के संयोजक प्रदीप कुमार वेदवाल के साथ डॉ. सूर्य प्रकाश सेमवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नैनबाग में अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

नई टिहरी। तहसील नैनबाग के अंतर्गत जाखधार बाजार में हाईकोर्ट के निर्देश पर तहसील प्रशासन व लोक निर्माण विभाग की ओर से अवैध अतिक्रमण तोड़ा गया। प्रशासन की ओर से लोगों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में सहयोग किए जाने की अपील करते हुए भविष्य में अतिक्रमण न करने की भी चेतावनी दी।

तहसीलदार साक्षी उपाध्याय के नेतृत्व में लोनिवि तथा तहसील प्रशासन की टीम ने जाखधार बाजार स्थित सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया। तहसीलदार साक्षी ने कहा कि, हाईकोर्ट के निर्देश सभी स्थानों पर हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। जिस क्रम में जाखधार बाजार में करीब 35 अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है।

वहीं स्थानीय व्यापारियों व लोगों ने भी अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में सहयोग करते हुए स्वयं ही अवैध अतिक्रमण हटाए। तहसीलदार ने कहा कि, आगे भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# वृद्ध आश्रम में मनाया वरिष्ठ नागरिक दिवस




जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। इस दौरान सीविल सीनियर जज पौडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारी अकरम अली ने वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों का हाल जाना।

सीविल सीनियर जज अकरम अली ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण करते हुए लोगों का हाल जाना। इस दौरान लोगों को विधिक सहायता विधिक जानकारी दी गई।

अकरम अली ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशन पर इस शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सहायता प्रदान करने के संदर्भ में जानकारी दी गई।

इस मौके पर ठाकुर सुंदर सिंह चौहान, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, पीएलबी सुनील रावत, पीएलबी जगमोहन डांगी, पीएलबी दीपक रावत, आश्रम के मैनेजर विजेंद, पूर्व प्रधान मौदाणी माया देवी, शेखर सिंह, पूर्व प्रधान डोभल राजकमल नेगी आदि मौजूद रहे।

# कालागढ़ से लापता महिला लुधियाना से सकुशल बरामद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कालागढ़ से लापता महिला को पौड़ी पुलिस ने लुधियाना, पंजाब से बरामद कर सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के अनुसार 10 अगस्त 2023 को वादी अनिल कुमार पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी सी-993 वर्कचार्ज कॉलोनी कालागढ़, पौड़ी गढ़वाल ने थाना कालागढ़ पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि मेरी पत्नी पूजा देवी (उम्र 29 वर्ष) जो दो बच्चों अरनव (उम्र-06 वर्ष) व पूर्णिमा (उम्र लगभग डेढ़ वर्ष) को लेकर घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। जो अभी तक वापस नहीं आयी। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना कालागढ़ में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसकी विवेचना महिला उपनिरीक्षक प्रिंयका नेगी के सुपुर्द की गयी। प्रकरण महिला व नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा गुमशुदा की बरामदगी करने के लिये टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में थानाध्यक्ष कालागढ़ अमरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत व सरहदी जनपदों में फोटो पम्पलेट को दिखाकर पूछताछ एवं सुरागरसी पतारसी कर अथक प्रयासों से सोमवार को गुमशुदा पूजा देवी व उसके दोनों बच्चों को लुधियाना, पंजाब से सकुशल बरामद कर नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका नेगी, मुख्य आरक्षी रविन्द्र, आरक्षी गंभीर आदि शामिल थे।

## बिजली के बढ़ते बिलों से व्यापारी नाराज

चमोली। बिजली के लगातार बढ़ते बिलों को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की है। व्यापार संघ अध्यक्ष बीरेंद्र मिंगवाल, राकेश कोटियाल, उमेश खंडूड़ी, देवराज रावत, सुशील थपलियाल आदि का कहना है कि निगम अब पंद्रह दिनों में बिल दे रहा है। जबकि प्रत्येक बिल में सर चार्ज माह भर का लगा रहा है। जिससे व्यापारियों को पहले से अधिक बिल की राशि चुकानी पड़ रही है। व्यापारियों ने ज्ञापन देकर मामले में सर चार्ज घटाने की मांग की है।

## जिपंस ने भ्रमण कर जानी कालीमठ क्षेत्र की समस्याएं

रुद्रप्रयाग। जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा ने कालीमठ क्षेत्र में भ्रमण कर जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त हुई योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों को हो रही दिक्कतों के समाधान करने का भी भरोसा दिया। कालीमठ वार्ड के जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा ने कालीमठ, कोटमा, चौमासी आदि स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कालीमठ–चौमासी मोटर मार्ग के जगह–जगह क्षतिग्रस्त होने का निरीक्षण किया।

मौके पर अधिकारियों से बातचीत में दैवीय आपदा, राज्य सैक्टर और जिला प्रशासन से बजट की मांग की। साथ ही क्षतिग्रस्त पुलिया, पैदल रास्ते, झूलते बिजली के तारों की समस्या पर भी सम्बन्धित अधिकारियों से बातचीत करते हुए शीघ्र निस्तारण की मांग की।

# 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं का अनिश्चिकालीन धरना शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि में सीयूईटी के आधार पर होने वाले प्रवेश में उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण, स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज एवं रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांग पर दो दिन के भीतर सकारात्मक निर्णय नहीं आता है तो उन्हें भूख हड़ताल व उग्र आंदोलन करने को विवश होना पड़ेगा।

सोमवार को विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य संदीप राणा, विभाग संगठन मंत्री शाश्वत खंडूड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विवि के प्रशासनिक गेट के सम्मुख विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान छात्रों ने कहा कि लंबे समय से तीन सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। लेकिन उनकी मांग की उपेक्षा की जा रही है। धरना स्थल पर पहुंची गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि छात्रों की मांग के संदर्भ में यूजीसी व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। सीयूईटी के आधार पर होने वाले प्रवेश में उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण नीतिगत मामला होने के चलते विवि प्रशासन इस पर निर्णय नहीं ले सकता है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ही निर्णय ले सकता है। कहा छात्रों की मांगों को लेकर वह गंभीर हैं। इस मौके पर गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी ने छात्रों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र मांगों पर अड़े रहे। धरना देने वालों में महिपाल बिष्ट, जसवंत राणा, आयुष कंडारी, दीपक चौधरी, दीपांशु मलवाल, महिपाल बिष्ट, शेखर रावत, हितेष पुंडीर, सागर, शुभम, नितेश गोदियाल, अभिषेक, विकास कपरवाण, अनुष्का, दीक्षा, गीता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मातृसदन की सुरक्षा को पुलिस गंभीर नहीं : शिवानंद

हरिद्वार। स्वामी शिवानंद ने कहा कि मातृसदन की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर नहीं है। अभी तक डीएम और एसपी ने उनसे संपर्क करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि मातृसदन कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है। सोमवार दोपहर बाद मातृसदन में पत्रकार वार्ता करते हुए शिवानंद ने कहा कि पूर्व में मातृ सदन की शिकायत पर डीएम और एसएसपी मातृ सदन में आकर घटना की जांच करते थे। लेकिन वर्तमान में लगातार दो घटनाएं घटित हुईं,

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य/पूरक परीक्षा सन् 2004 अनुक्रमांक 059106 का प्रमाण-पत्र वास्तव में खो गया है।

**परीक्षार्थी का नाम रोशनी पुत्री श्री रामकिशन ग्राम पालकोट, पोस्ट ऑफिस लैंसडौन, जनपद पौड़ी गढ़वाल।**

(1253/21)

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अखिलेश चन्दोला मेरे कहने सुनने से नहीं चलता है। मैं अपने पुत्र अखिलेश चन्दोला को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरे पुत्र अखिलेश चन्दोला द्वारा किया गया कोई भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बिन्दू चन्दोला पत्नी स्व0 सुरेन्द्र कुमार चन्दोला निवासी हरसिंगपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1254/21)

## गोपेश्वर कॉलेज के छात्रावास का खाली कराया

चमोली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर का भागीरथी छात्रावास भू धंसाव से खतरे की जद में आ गया है। सतर्कता और परिस्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने छात्रावास को खाली करवा दिया गया है। वहां रहने वाले सभी छात्रों को कॉमर्स की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है। पीजी कॉलेज गोपेश्वर में भागीरथी छात्रावास में 16 अगस्त की रात को भू धंसाव हो गया। जिससे भवन का आंगन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। उसके आगे का पुस्ता नीचे बैठ गया है। जिसके चलते यहां पर रहने वाले 34 छात्रों को कॉमर्स के भवन के एक हॉल में शिफ्ट कर दिया गया है।

# अगस्त्यमुनि–डडोली–बसुकेदार मोटर मार्ग नहीं खुला तो होगा आंदोलन

रुद्रप्रयाग। बीते 14 अगस्त से बंद पड़ा अगस्त्यमुनि–डडोली–बसुकेदार मोटर मार्ग से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

करीब 80 ग्राम पंचायतों के लोगों को मोटर मार्ग बंद होने से दिक्कतें हो रही है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने कहा यदि जल्द मोटर मार्ग नहीं खोला गया तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

बीती 14 अगस्त को भारी बारिश के चलते जनपद में कई मोटर मार्ग बंद हुए। हालांकि कई मोटर मार्ग खोल दिए गए हैं जबकि कई बंद हैं। इन्हीं में अगस्त्यमुनि–डडोली–बसुकेदार मोटर मार्ग भी है जो जिले की घंगासू बांगर, स्यूर बांगर पट्टी के साथ ही काली पार, फुटगड, बड़मा, पश्चिमी बांगर आदि पट्टी के गांव को जोड़ता है किंतु मोटर मार्ग बंद होने से लोग मुश्किलों में है। कहा कि इन इलाकों में लोग जरूरत की वस्तुओं को लेने के लिए बाजार नहीं पहुंच पा रहे हैं। बताया कि 13 अगस्त रात से हुई भारी बारिश के चलते 14 अगस्त को मंदाकिनी नदी में अधिक जल प्रभाव के कारण अगस्त्यमुनि–गंगानगर में बसुकेदार–गुप्तकाशी व गंगानगर डडोली, जखोली–मयाली मोटर मार्ग बंद हो गए। बसुकेदार तहसील की सभी ग्राम सभाओं का उच्च शिक्षा केंद्र अगस्त्यमुनि है जबकि यहां से लोगों का सम्पर्क कटा है।

वहीं ऊखीमठ व जखोली तहसील की भी कई ग्राम सभाओं का संपर्क शैक्षिक व व्यापारिक केंद्र अगस्त्यमुनि से बाधित हो गया है। कहा कि यदि शीघ्र मोटर मार्ग पर आवाजाही शुरू नहीं कराई गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। जनता के साथ कांग्रेस पार्टी आंदोलन में पूरा समर्थन करेगी।

## महिलाओं ने स्वयं अतिक्रमण हटाया

चमोली। दशोली विकास खंड का कौंथ पोथनी गांव इन दिनों आपदा की मार झेल रहा है। गांव के चारों ओर से भूस्खलन और भूधंसाव हो रहा है। पैदल रास्ते और सड़कों का नामोनिशान मिट गया है। महिलाओं को चारापत्ती लेने के लिए भी भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों की अतिक्रमण की शिकायत पर कुछ दिनों पूर्व गांव में तहसील और वन विभाग की टीम पहुंची थी। टीम ने अतिक्रमण करने वालों को तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटा।

G20 | **उत्तर रेलवे** | Azadi Ka Amrit Mahotsav

**शुद्धिपत्र**

एसटीबीए की निविदाएं मुरादाबाद मंडल द्वारा 24.07.2023 को आमंत्रित की जानी थी और 24.08.23 को खोली जानी थीं। रेलवे बोर्ड के 2023 दिनांक 18.08.2023 के एक नए वाणिज्यिक परिपत्र संख्या – 16 को आइटम नंबर 1.1 के माध्यम से प्राप्त हुआ जिसमें उल्लेख किया गया है कि "यदि कोई निविदाकर्ता/आवेदक स्लैब –3 में उप–शून्य कमीशन (0%) उद्धृत करता है, उसका आवेदन सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।"

इसलिए, निविदा की तिथि बढ़ा दी गई है और इसे 04.09.2023 को 15.00 बजे खोला जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2593/23

# कर्णप्रयाग–धारडुंग्री–नैनीसैंण–बगोली को राज्य मार्ग का दर्जा दिया जाए

चमोली। न्याय पंचायत मुख्यालय कंडारा में आयोजित कपीरी विकास संघर्ष समिति की बैठक में डिम्मर–सुमल्टा–बणेसोली मोटर मार्ग पर निविदा आमंत्रित करने, किमोली और ग्वाड़ सड़क के सुधारीकरण सहित कर्णप्रयाग–धारडुंग्री–नैनीसैंण–बगोली मोटर मार्ग को राज्य मार्ग का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई गई।

समिति के अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत की अध्यक्षता और महामंत्री महिपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में कपीरी रोड पर नगर पालिका कर्णप्रयाग द्वारा प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कपीरी और दशोली की दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के लिए निर्माणाधीन पेयजल योजना कांडा–मैखुरा के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में गांवों में जर्जर हुए बिजली के खंबों को बदलने और झूलते तारों की मरम्मत करने पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को लेकर समिति का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण करने की मांग करेगा। बैठक में समिति का विस्तार करते हुए प्रत्येक ग्राम सभा से दो–दो सदस्य मनोनीत किए गए।

वहीं सभी प्रधान गणों को, सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पदेन सदस्य बनाया गया। बैठक में समिति को मजबूती प्रदान करने के लिए पूर्व प्रमुख नरेन्द्र सिंह भंडारी को संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भगवान कंडवाल, विजय कुमार, मोहन खत्री, मंत्री उत्तम तोपाल, राकेश नेगी, कोषाध्यक्ष पुष्कर रावत, सोशल मीडिया प्रमुख गणेश लाल, मीडिया प्रभारी रविन्द्र कंडारी सहित अनेकों जनप्रतिनिधि व वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## महासंघ के प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

हरिद्वार। अनुसूचित–जाति के संगठनों के महासंघ की रविवार को टिबड़ी में हुई हंगामेदार बैठक के बाद सोमवार को महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता ने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने इस्तीफा साझा किया। महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रवक्ता तीर्थपाल रवि का कहना है कि कुछ लोग समाज में राजनीतिक कर रहे हैं। महासंघ से हटकर सरकार से नई मांग कर नए–नए नियम निकाले जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में संगठन नहीं चल सकता है। हालांकि, प्रदेश प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर जो इस्तीफा साझा किया उसमें व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया गया है।

# लमगौंडी गांव से बदरी–केदार देवरा यात्रा के लिए निकली राज राजेश्वरी

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी के लमगौंडी गांव से बदरी केदार देवरा यात्रा के लिए मां राजराजेश्वरी व बाणासुर महाराज की देव डोलियों ने प्रस्थान किया। देव डोलियां तीन दिनों तक लमगौंडी गांव में भ्रमण करने के बाद 24 अगस्त को बाबा विश्वनाथ की नगरी गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेंगी। देव डोलिया 25 अगस्त को रात्रि प्रवास फाटा, 26 अगस्त को सीतापुर, 27 अगस्त को शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण, 28 अगस्त को गौरीमाई मंदिर गौरीकुंड, 29 से 31 अगस्त तक केदारनाथ धाम में, 1 सितम्बर को काली मंदिर कालीमठ, 2–3 सितम्बर को बैकुंठ धाम बदरीनाथ में रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद 4 सितम्बर को वापसी गुप्तकाशी में, 5 सितम्बर को को अपने पौराणिक गांव लमगौंडी में व 6 सितम्बर को हवन व पूर्णाहुति के साथ देवरा यात्रा सम्पन्न होगी। देवरा यात्रा को लेकर लमगौंडी गांव के ग्रामिणों में उत्साह है। देव डोलियों के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद हैं। देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि 26 वर्षों बाद देव डोलियां बद्री केदार की देवरा यात्रा पर जा रही हैं इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष अजय जुगरान,सचिव भाष्कर पोस्ती, संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा, व्यवस्थापक सुधिर पोस्ती,बीरेन्द्र शर्मा, सुरेश बगवाड़ी, हर्षवर्धन जुगरान, प्रधान अखिलेश सजवान, क्षेपंस दुर्गेश बाजपेई सहित कई ग्रामीण भक्त मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो**

Email ID :-eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01348-267116)

पत्रांक- 1381/17ए0सी0 दिनांक - 19.08.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22.08.2023 से 24.08.2023 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अद्यतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की दिनांक 25.08.2023 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों से प्राप्त कराये जा सकते हैं। विलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी।
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0नि0 बैजरो।
3. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ।
4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि, कीर्तिनगर

निविदा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0नि0 बैजरौ के कार्यालय में दिनांक 26.08.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख ₹ में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत बूंगीधार से स्यूंसाल मोटर मार्ग निर्माण से खतरे की जद में आये आवासीय भवनों का सुरक्षात्मक कार्य एवं पैदल मार्गों का निर्माण कार्य | 45000.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 01 माह | डी0 एवं उच्चर मार्ग कार्य। |
| 2 | जिला योजना के अन्तर्गत उल्याणी से डुमलोट मोटर मार्ग के किमी0 0.000 से किमी0 0.750 में सुरक्षात्मक दीवारों एवं खडंजा बिछाने का कार्य | 20000.00 | 1000+18% GST | 45 दिन | 02 माह | -तदैव- |
| 3 | --तदैव-- परन्तु किमी0 0.750 से 1.350 में सुरक्षात्मक दीवार एवं स्कपर आदि का निर्माण कार्य | 22000.00 | 1000+18% GST | 45 दिन | 02 माह | -तदैव- |
| 4 | एस0डी0एम0एस0/बाढ भूस्खलन के अन्तर्गत थलीसैंण-बूंगीधार-देघाट-जैनल-मनिला-डौटियाल-मरचूला मोटर मार्ग (राजमार्ग संख्या 52) के किमी0 4 में निर्माणाधीन बैलीब्रिज का सेतु का सुरक्षात्मक कार्य | 45000.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 01 माह | -तदैव- |


नोट :- समस्त निविदादाता निविदा डालने से पूर्व शर्तो का अवलोकन खण्डीय कार्यालय में कराना सुनिश्चित करें।

सम्पादकीय

# पढ़ना होगा बच्चों का मन

बच्चों के बाल सुलभ मन को समझ पाना कोई आसान काम नहीं है खास तौर पर उम्र के उस पड़ाव में जब उनके अंदर कई परिवर्तन आने का दौर शुरू होता है। मनोवैज्ञानिक तौर पर बच्चों को उनके सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है लेकिन यदि बच्चों की देखरेख एवं उनकी जरूरतों की अनदेखी करने पर आप करवाई हो लापरवाही हो जाए तो कई बार इसके परिणाम घातक सिद्ध हो सकते हैं। एक मामला ऐसा ही १० एवम १२ वर्ष की दो छात्राओं से जुड़ा हुआ सामने आया है जिसमें माता पिता की डांट बच्चों के मन में इस प्रकार से घर कर गई कि उन्होंने स्कूल से भागने का षड्यंत्र रच डाला और उसे अंजाम भी दे दिया। घर से बैग में प्राइवेट कपड़े रखें और स्कूल से चंपत हो गई। सूचना मिली तो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद किया लेकिन यह घटना अपने पीछे ऐसे कई सवाल छोड़ गई जिनके उत्तर ना जाने कब से तलाशे जा रहे हैं कि आखिर बच्चों के मन से डांट और पिटाई का भय कब दूर होगा? आखिर बच्चों को यह बात कब समझ में आएगी कि अभिभावकों या गुरुजनों की डांट उनके हित के लिए होती है। ऐसे ही परिस्थितियों से बच्चों को वाकिफ कराने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीक एवं परामर्श की जरूरत होती है जिसे किसी भी विद्यालय में अध्ययन के तौर पर पढ़ाया नहीं जाता। बच्चों को विभिन्न पाठ्यक्रम तो थोपे जाते हैं लेकिन धैर्य, सहनशक्ति एवं सामाजिक अच्छाई बुराई के बारे में कोई विशेष पाठ्यक्रम अब तक शामिल नहीं किया गया है। जैसे जैसे बच्चे बड़े होते जाते हैं उन्हें लगता है कि वह अपने फैसले लेने में सक्षम है लिहाजा उन्हें दूसरों की बातें बोझ लगने लगते हैं। यही वह दौर शुरू होता है जब बच्चों को खास परामर्श के साथ–साथ अभिभावकों के साथ की जरूरत भी होती है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या अभिभावक अपने बच्चों के साथ कड़ाई से पेश नहीं आ सकते? विदेशों में अभिभावक बच्चों के साथ मारपीट नहीं कर सकते लेकिन भारतीय परिवेश में अभिभावक ही बच्चों के सबसे बड़े संरक्षक माने जाते हैं। बच्चों के अच्छे बुरे के लिए बच्चों को डांटने के अलावा कई बार पीटने की परिस्थितियों भी बनती हैं। अब कुछ बच्चे इसे सहज तौर पर लेते हैं जबकि उक्त दो छात्राओं की तरह कुछ को यह अपनी स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान पर प्रहार जैसा लगता है। ऐसे ही बच्चे भटक कर घर से भागने जैसा गलत कदम उठाते हैं जिसमें कई बार वे ऐसे अंधेरे में गुम हो जाते हैं जहां से बाहर निकलने का फिर कोई रास्ता नहीं मिलता। ऐसी ही परिस्थितियों में अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चों के मन को समझने का प्रयास करें। यदि बच्चा एक बार विद्यालय में प्रवेश कर जाए तो प्रबंधन को यह मालूम होना चाहिए कि बच्चा विद्यालय में मौजूद है या नहीं? साथ ही माता–पिता भी इस बात से सजग रहें कि उनका बच्चा क्या वाकई बैग में पुस्तकें ले जा रहा है या फिर कुछ और। जिम्मेदारियां सबको अपने अपने स्तर पर निभानी है साथ ही बच्चों को भी मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत बनाना है कि वह छोटी–छोटी बातों पर अपना धैर्य ना खोए और अपने अच्छे बुरे का ज्ञान रखते हुए अपने भविष्य की उज्जवल राह चुने।

# हाईकोर्ट की टिप्पणी को संजीदगी से लें महिलाएं




**विडंबना है कि समानता, स्वाधीनता और संतुलन की मांग करते–करते औरतें आक्रांता बनती जा रही हैं। उनके मन की निर्मलता गायब हो रही है, और वे कुंठित स्त्रीत्व के साथ घुटने को मजबूर हैं। जाहिर है कि जीवन साथी के साथ सामंजस्य बिठाने की बजाय उस पर झूठे और बेबुनियाद आरोपों से जीवन भर की संचित प्रसन्नता खोखले छिद्रों से रिस रही है, जिससे उसका असल आनंद समाप्त हो रहा है। रिश्तों के बीच उभरतीं दरार भरने के लिए और पति–पत्नी के बीच संत्रास, कुंठा, और व्यर्थता बोध के विश्लेषण के लिए परिवार और समाज, दोनों को मिलकर समय निकालना होगा। लेकिन क्या यह विडंबनीय नहीं है कि अत्याधुनिक, विकसित और प्रगतिशील समाज अब पति–पत्नी के संत्रासों से निपटने में अपना कीमती समय बर्बाद कर रहा है।**

डॉ. दर्शनी प्रिय

हाल ही में तलाक के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने जीवन साथी पर अवैध संबंध होने के झूठे आरोप को क्रूरता की विशेष श्रेणी में डाला है।

मौजूदा मामले में एक स्त्री वषी से अपने पति पर अवैध संबंध का आरोप लगा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह के आरोप दो लोगों के बीच के भरोसे और विश्वास को तो तोड़ते हैं ही, साथ ही वैवाहिक रिश्ते को भी खत्म कर देते हैं। इतना ही नहीं, अवैध संबंध को साबित करने के लिए वादी महिला के पास कोई साक्ष्य नहीं होना, वैवाहिक जीवन में लगभग अंतिम कील ठोकने के बराबर है।

निश्चित रूप से यह मानसिक क्रूरता की पराकाष्ठा है। आश्चर्य है कि इक्कीसवीं सदी में जब हम बौद्धिक रूप से मनस्वी होने और वैंकि विकास के साथ कदमताल करने का हुंकार भर रहे हैं, तब देश में जड़ता और कुत्सित संकीर्णता की ऐसी बातें आदिमता का स्मरण कराती हैं। पुरुष भी प्रताडऩा और शोषण के शिकार हो सकते हैं। इस पर समाज और परिवार में विरले ही चर्चा होती है। हजारों मामले हैं, जहां महिलाओं द्वारा पुरुषों पर क्रूरता और हिंसा के मिथ्या आरोप जड़ कर उनके सामाजिक रु तबे और प्रतिष्ठा का क्षरण किया गया है।

इससे भी बढक़र लाखों मामले ऐसे हैं, जिनमें बेगुनाह पति झूठे आरोपों के दलदल में फंसकर अपना जीवन गंवा बैठे हैं। माना कि ईर की अनुपम कृति स्त्री अपने अनेक रूप में समाज और परिवार की महत्त्वपूर्ण इकाई रही है, लेकिन वो क्यों भूल जाती है कि पुरुष ही इस अधूरी इकाई को पूरी करने का एकमात्र जरिया है। उसके बगैर संतुलन की कोशिश बेजा है। किसी भी परिस्थिति में उसके रूपक, बिंब और व्यक्तित्व को स्त्रियों के मुकाबले कमतर नहीं आंका जा सकता। व्यक्ति की निर्मल आत्मा उसकी मूलभूत पूंजी और संपत्ति है। इसी से संपन्न श्रीहीन निर्धन भी धनकुबेर है। इसे समझने की बेसाख्ता जरूरत है।

विडंबना है कि समानता, स्वाधीनता और संतुलन की मांग करते–करते औरतें आक्रांता बनती जा रही हैं। उनके मन की निर्मलता गायब हो रही है, और वे कुंठित स्त्रीत्व के साथ घुटने को मजबूर हैं। जाहिर है कि जीवन साथी के साथ सामंजस्य बिठाने की बजाय उस पर झूठे और बेबुनियाद आरोपों से जीवन भर की संचित प्रसन्नता खोखले छिद्रों से रिस रही है, जिससे उसका असल आनंद समाप्त हो रहा है। रिश्तों के बीच उभरतीं दरार भरने के लिए और पति–पत्नी के बीच संत्रास, कुंठा, और व्यर्थता बोध के विश्लेषण के लिए परिवार और समाज, दोनों को मिलकर समय निकालना होगा। लेकिन क्या यह विडंबनीय नहीं है कि अत्याधुनिक, विकसित और प्रगतिशील समाज अब पति–पत्नी के संत्रासों से निपटने में अपना कीमती समय बर्बाद कर रहा है। अलगाव, हिंसा और बेकद्री रिश्ते तोड़ती है, जोड़ती नहीं। प्राचीन भारत में महिला–पुरुष, दोनों को जीवन के सभी क्षेत्रों में बराबरी का दर्जा हासिल था। बाबजूद इसके वर्चस्व एवं प्रतिरोध के विभिन्न स्तरों पर स्त्रियों का अनपेक्षित रूप से पुरुषों के प्रति दुराग्रही और उनके प्रति निषेधात्मक तेवर अपनाए रखना उचित नहीं। मृगतृष्णा के पीछे दौडऩे से बेहतर है परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाया जाए। व्यामोह के विशाल मेघों ने निर्मल विचारों के आदित्य को अपने श्यामल आंचल में छिपा रखा है। स्त्री पूरे मन से पुरुषों को अपनाए तो तपती दोपहरी भी बासंती सांझ बन जाएगी।

# अब यह नया खतरा



वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन खाद्य संकट बढऩे के साथ–साथ इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं।

दुनिया अब तक कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के असर से नहीं उबरी है। ये घटनाएं खाद्य संकट और महंगाई का कारण बनीं। इसी बीच अब खबर है कि मौसमी परिघटना अल नीनो प्रभाव का असर धीरे–धीरे बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक इसके कारण आने वाले महीनों में तापमान बहुत अधिक रहेगा और मौसमी आपदाओं की संख्या भी बढ़ सकती है।

विश्व मौसम संगठन के मुताबिक पिछले महीने ही अल नीनो की शुरुआत हो चुकी है। प्रशांत महासागर में अधिक तापमान के साथ शुरू होने वाला यह प्रभाव अक्सर नौ से 12 महीने तक रहता है। साल के आखिर में इसका असर सबसे ज्यादा होने की संभावना है। वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। पहले भी जब अल नीनो प्रभाव आया तो पानी से पैदा होने वाली बीमारियों और अन्य संक्रमक रोगों के प्रसार में वृद्धि देखी गई थी। अल नीनो के कारण बारिश की मात्रा और बारंबारता बढ़ जाती है, जिससे पानी जमा होता है। इस कारण मच्छर आदि अधिक तापमान में पैदा होने वाले जीव बढ़ जाते हैं और संक्रमक रोग फैलते हैं।

1998 में जब अल नीनो आया था तो कई जगह मलेरिया महामारी बन गया था। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि अल नीनो के कारण जंगल की आग जैसी घटनाओं में कितनी वृद्धि होती है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह खतरा भी बढ़ जाता है। एक अनुमान के मुताबिक पिछली गर्मियों में सिर्फ यूरोप में गर्मी से 61 हजार लोगों की जान गई थी, जबकि तब अल नीनो प्रभाव नहीं था। इस साल जुलाई को इतिहास में अब तक का सबसे गर्म महीना आंका गया है। देखा गया है कि जिस साल अल नीनो सक्रिय होता है, उस साल दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे इलाकों के कई देशों में खराब फसल होने की आशंका ज्यादा होती है। इसका असर खाद्य के अभाव और महंगाई के रूप में सामने आता है। यह खतरा फिलहाल मंडरा रहा है।

# शिंदे सरकार में कौन कैसे मंत्री बना?

महाराष्ट्र राजनीतिक प्रहसन वाला राज्य बन गया है। जितने तरह के राजनीतिक तमाशे हो सकते हैं सब वहां हो रहे हैं। शिव सेना के तमाशे के बाद एनसीपी का तमाशा अभी चल ही रहा है इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के एक नेता ने बहुत दिलचस्प बातें बताई हैं।

उन्होंने एक कार्यक्रम में विस्तार से बताया कि इस सरकार में कौन नेता कैस मंत्री बना है। शिंदे गुट के विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक भरत गोगावले खुद मंत्री पद के दावेदार हैं। उनको पहली बार में मौका नहीं मिला। इस बारे में वे जनता को किस्से सुना रहे थे कि पहली बार में उनको मौका क्यों नहीं मिला। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि क्या क्या कारण बता कर लोग शिंदे सरकार में मंत्री बन गए।

गोगावले ने बताया कि एक विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बनते हैं तो उनकी पत्नी खुदकुशी कर लेगी।

सो, पत्नी का मन रखने और जान बचाने के लिए उनको मंत्री बना दिया जाना चाहिए। इस आधार पर वे मंत्री बन गए। एक विधायक ने कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बने तो उनके इलाके के बड़े भाजपा नेता नारायण राणे उनको खत्म कर देंगे। सो, खत्म किए जाने का डर दिखा कर उन्होंने दबाव बनाया और मंत्री बन गए। इसी तरह एक विधायक ने कहा कि अगर उनको मंत्री नहीं बनाया जाता है तो वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। सो, एक एक सीट के लिए मारामारी के समय में कौन एक विधायक का इस्तीफा होने देता इसलिए वे मंत्री बन गए। भरत गोगावले ने बताया कि ऐसे ही लोगों की वजह से वे खुद मंत्री नहीं बन पाए। लेकिन अगला विस्तार जब भी होगा तो वे मंत्री जरूर बनेंगे।

# टमाटर को सुरक्षित स्टोर करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



अगर आप टमाटर खरीद रहे हैं तो इन्हें सुरक्षित तरीके से स्टोर करें। टमाटर को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के लिए आप इन 5 तरीकों को अपना सकते हैं।

टमाटरों को फ्रीजर में रखें

अगर आप टमाटरों को फ्रीजर में रखते हैं तो आप इस सब्जी की सेल्फ लाइफ को बढ़ा सकते हैं और लंबे समय तक इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटरों को फ्रीजर में रखने के लिए सबसे पहले उन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें, फिर उन्हें बेकिंग शीट पर रखें और रात भर फ्रीजर में रख दें। एक बार टमाटर के जम जाने पर उन्हें स्टोर करने के लिए फ्रीजर–सुरक्षित बैग में डालें।

**डिहाइड्रेट करें टमाटर**

टमाटरों को डिहाइड्रेट करना उन्हें लंबे समय तक स्टोर करने का एक और बढ़िया तरीका है। टमाटरों को डिहाइड्रेटर रैक पर रखने से पहले उन्हें धोकर और पतले टुकड़ों में काट लें। अपने टमाटरों को लगभग 12–18 घंटों तक या पूरी तरह से सूखने दें। जब यह अच्छे से सूख जाए तो टमाटरों को एक एयर टाइट कंटेनर या वैक्यूम–सीलबंद बैग में रखें। टमाटर की चटनी को स्टोर करने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

**टमाटर को अन्य सब्जियों के साथ न रखें**

आमतौर पर लोग टमाटर को अन्य सब्जियों के साथ ही स्टोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। इसका कारण है कि कई सब्जियों में एथिलीन नामक केमिकल मौजूद होता है, जिससे टमाटर जल्दी खराब हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त कई सब्जियों में साइट्रिक एसिड होता है, जो टमाटर के साथ–साथ अन्य सब्जियों को भी खराब कर सकता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप टमाटर को सभी सब्जियों से अलग ही स्टोर करें।

**पेपर टॉवल में लपेटकर रखें**

टमाटर को लंबे समय तक फ्रेश रखने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप इसे खरीदते समय थोड़ी स्मार्टनेस दिखाएं और ऐसे टमाटर खरीदें, जो एकदम सूखे और हल्के छिलके वाले हों। इस तरह के टमाटर खरीदने के बाद जब आप घर आएं तो उन्हें तुरंत पेपर टॉवल से लपेट दें और स्टोर करें। अगर आपके पास पेपर टॉवल न हो तो आप टमाटर को पेपर बैग में भी स्टोर कर सकते हैं।

**टमाटर का अचार बनाकर करें स्टोर**

टमाटरों का अचार बनाना उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने और भोजन का स्वाद बढ़ाने का एक और शानदार तरीका है। इसके लिए सिरके के मिश्रण (सफेद सिरका, सेब का सिरका आदि) के साथ जार में डालने से पहले टमाटरों को धोकर और टुकड़ों में काट लें। इन्हें स्टोर करने के लिए रेफ्रिजरेटर–सुरक्षित कंटेनरों में डालें। इस मिश्रण को लगभग 3 दिनों तक रखा रहने दें और फिर भोजन के साथ इसका सेवन करें।

# भूलकर भी ना करें आती हुई छींक को रोकने की गलती, हो सकता है जान का खतरा



बच्चों से लेकर बड़ों तक सबको छींक आती है. कुछ लोगों को अपनी छींक से ऐतराज नहीं होता. लेकिन कुछ लोग छींकने से शर्माते हैं और छींक रोकने की कोशिश भी करते हैं. बिना ये सोचे कि छींक रोकने की ये कोशिश जान पर भारी भी पड़ सकती है. आप को शायद ये बातें बेमानी लगे. लेकिन हकीकत यही है छींक रोकने से कभी कभी ऐसे हालात भी बन सकते हैं जो आपकी जान पर बेहद भारी साबित हो सकते हैं. एक शख्स इसका शिकार भी हो चुका है.

छींक रोकने से फट गया गला

रिपोर्ट के मुताबिक 34 साल के एक शख्स को छींक रोकना इस कदर भारी पड़ा कि जान के लाले ही पड़ गए. ब्रिटेन के इस शख्स के गले में तेज दर्द और सूजन आने लगी. कुछ ही दिन में उसके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया. परेशान शख्स इलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंचा. अपनी इस तकलीफ का कारण सुना तो पहली बार में उसे भी यकीन नहीं हुआ. डॉक्टर ने उसे बताया की छींक रुकने से सारा प्रेशर गले में अंदर चला गया. जिससे गले के मुलायम टिश्यूज फट गए. इस वजह से उसके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया.

क्यों खतरनाक है छींक रोकना?

जब भी छींक आती है तब नाक के रास्ते से तेज हवा बाहर ती है. अब अगर आप छींक रोकते हैं तो हवा का दबाव बाहर जाने की जगह अंदर ही मुड़ जाता है. जिसका असर किसी और अंग पर पड़ सकता है. छींक के रास्ते बाहर निकलने वाली हवा का प्रेशर बहुत ज्यादा होता है. ये अगर कान के जरिए बाहर निकलती है तो कान के पर्दे भी फाड़ सकती है. इस प्रेशर से आंख, नाक और कान के ब्लड वेसल्स भी फट सकते हैं. असर ज्यादा गंभीर हुआ तो जान जाने का डर भी बना रहता है. इसलिए छींक रोकने की गलती कभी न करें.

# इरादा बुलंद है, लेकिन

इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इस मामले में सशक्त होने के लिए काम करना चाहिए। इस खबर से स्वाभाविक हलचल मची कि कच्चा तेल खरीदने के बदले कई भारतीय कंपनियां रूस को चीन की मुद्रा युवान में भुगतान कर रही हैं। बाद में एक मीडिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया कि कम से कम ऐसा दस प्रतिशत भुगतान युवान में हुआ है। इस तरह भारत भी इस समय दुनिया में चल रही मौद्रिक हलचल के बीच चीनी मुद्रा को मजबूत करने में सहायक बन गया है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने यह खबर फिर से उछाली भारत ने अनेक देशों के साथ अपनी मुद्राओं में भुगतान करने का करार कर लिया है और इसके लिए जरूरी बैंकिंग सिस्टम भी बना लिया गया है। उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर से पिछले दिनों जब ब्रिक्स की प्रस्तावित अपनी करेंसी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसकी संभावना से सिरे से इनकार करते हुए कहा कि भारत का इरादा अपने रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने का है।

# कमर दर्द से हैं परेशान तो हो जाएं सावधान, क्योंकि 80 प्रतिशत महिलाएं हैं इस बीमारी का शिकार

कमर दर्द आम तौर पर बहुत से लोगों को होता है. इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि अच्छी तरह से न उठना–बैठना, अधिक समय तक बैठे रहना, शारीरिक चोट, या अन्य अंदरूनी समस्याएँ. यदि कमर दर्द लगातार बना रहता है और आपको इससे बहुत परेशानी हो रही है,तो हो सकता है आपको ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी हो जिसमें हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है. यह मुख्य रूप से बुढ़ापे में होती है, लेकिन आज कल यह युवाओं में भी देखने को मिल रहा है.

6 करोड़ लोग प्रभावित

वर्तमान में देश में 6 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं, और इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं. ऑस्टियोपोरोसिस जहां यह पहले 50 साल की उम्र में दिखाई देता था, लेकिन अब 30 से 40 की आयु में भी यह संख्या बढ़ती जा रही है.

जानें क्या कारण हो सकता है

* आयुः जैसे–जैसे आयु बढ़ती है, हड्डियों की घनत्व में प्राकृतिक रूप से कमी होती है.

* हार्मोनल परिवर्तनः महिलाओं में मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियों की कमजोरी हो सकती है.




* पोषण की कमीः कैल्शियम और विटामिन ष्ठ की कमी से भी हड्डियों का घनत्व कम हो सकता है.

जानें लक्षण

* हड्डियों में दर्द

* हड्डियों की कमजोरी जिससे आसानी से चोट आ सकती है

* हड्डियों का आकार छोटा हो जाना

* हल्की चोट से भी हड्डी टूट सकती है.

* कमर की हड्डी की कमजोरी के कारण झुकना.

जानें इसका उपाय

* पोषक तत्वों की सेवनः कैल्शियम और विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा में सेवन करें.

* व्यायामः नियमित रूप से व्यायाम करना जैसे कि वॉकिंग, जोगिंग, और कम वजन उठाना.

* धूम्रपान और मदिराः इनसे परहेज करें क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर बना सकते हैं.

* बोन डेंसिटी टेस्टः नियमित अवधियों पर हड्डी की मजबूती का परीक्षण कराएं.

* दवा : अगर आवश्यक हो, तो डॉक्टर की सलाह पर ऑस्टियोपोरोसिस की दवाएँ लें.

जानें कौन सा टेस्ट करवाएं

बोन डेंसिटी टेस्ट, जिसे डेक्सा स्कैन भी कहा जाता है, एक विशेष प्रकार की एक्स–रे परीक्षण है जो हड्डियों के मिनरल घनत्व को मापता है. यह टेस्ट ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का पता लगाने में मदद करता है और यह भी पता लगाने में मदद करता है कि आपकी हड्डियों में फ्रैक्चर का जोखिम कितना है.

# इस बार लैंडिंग के दौरान आखिरी पलों का जोखिम नहीं

## चंद्रयान—3 पर क्यों टकटकी लगाए बैठे हैं देश?

नई दिल्ली, एजेंसी। चंद्रयान 3 की सफल लॉचिंग के बाद अब चंद्रमा की सतह पर उसकी सुरक्षित एवं सॉफ्ट लैंडिंग की घड़ी निकट आती जा रही है। इसरो की पूरी तैयारी है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम ने इस बार सॉफ्ट लैंडिंग के दौरान, 'लास्ट मिनट्स ऑफ टेरर' के जोखिम को लगभग खत्म कर दिया है। लैंडिंग के वक्त वे सभी विकल्प मौजूद रहेंगे, जिनका इस्तेमाल किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित लैंडिंग के लिए किया जा सकता है।



दुनिया के कई देशों की निगाहें चंद्रयान—3 पर टिकी हैं। खासतौर पर रूस, अमेरिका और चीन, 'चंद्रयान 3' की सॉफ्ट लैंडिंग पर टकटकी लगाए बैठे हैं। वजह, चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने का मुकाम इन्हीं तीन देशों को हासिल है। चंद्रयान 3 की राह में कोई चट्टान आई या उतरने वाली जगह समतल नहीं है तो ऐसे में उसकी दिशा बदलने का विकल्प रखा गया है। यूं कह सकते हैं कि इस बार सॉफ्ट लैंडिंग में कठोर जैसा कुछ नहीं है। 'चंद्रयान 3' के लिए एक स्प्रिंग पर सितंबर 2019 में चंद्रयान 2, जब चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास कर रहा था तो उसका विक्रम लैंडर से संपर्क टूट गया था। वह सब, आखिरी के पंद्रह मिनट में हुआ। यही वजह है कि सॉफ्ट लैंडिंग की प्रक्रिया में 'लास्ट मिनट्स ऑफ टेरर' रहता है। इसे अंतिम क्षण का जोखिम कहा जाता है। यही वो घड़ी होती है जब अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सांसें थमने लगती हैं। सितंबर 2019 में चंद्रयान 2 के साथ जो कुछ भी हुआ, इस बार उसके सभी पहलुओं का बारीकि से अध्ययन किया गया है। भारतीय वैज्ञानिकों ने उन सभी विकल्पों को अपने साथ लिया है, जिनका इस्तेमाल किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित लैंडिंग के लिए किया जा सकता है। इसके लिए इसरो में कोई एक—दो नहीं, बल्कि अनेकों 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' सत्र आयोजित किए गए। इन्हीं के द्वारा, 'चंद्रयान 3' की सुरक्षित लैंडिंग की तैयारी की गई है। अगर चंद्रमा की सतह पर उतरते वक्त अगर कोई भी बाधा आई तो उसे दूर कर दिया जाएगा। सामने पत्थर आया तो भी चंद्रयान 3 संभल जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस बार कई विकल्प अपने पास रखे हैं।

पूर्व वैज्ञानिक एवं प्रमुख रेडियो कार्बन डेटिंग लैब, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ डॉ. सीएम नौटियाल का कहना है कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को लेकर इस बात कोई चिंता नहीं करनी चाहिए। इसरो के वैज्ञानिकों ने अपने 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' सत्रों में हर उस बात पर विचार किया है, जो अंतिम समय में हो सकती है। भारत चंद्रयान 3 की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग के मिशन में कामयाब होगा। रोवर, चांद की सतह पर चलेगा और वैज्ञानिक परीक्षण भी करेगा। हमारे वैज्ञानिकों ने 2019 की घटना से बहुत कुछ सीखा है। चंद्रयान 2 के उतरने के लिए जितना क्षेत्र निर्धारित किया गया था, अब उसमें काफी इजाफा किया गया है। पहले वह क्षेत्र सीमित था। इस दफा बड़े क्षेत्र का चयन हुआ है। अगर लैंडिंग के लिए एक जगह उपयुक्त नहीं लगी तो दूसरी जगह भी तैयार रहेगी। लैंडिंग के लिए लगभग 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तय किया गया है। इसरो के पूर्व निदेशक डॉ. के सिवन की मीडिया बाइट के अनुसार, पिछली बार लैंडिंग प्रक्रिया के बाद हमने डेटा देखा था। उसके आधार पर सुधारात्मक उपाय किए गए हैं। जहां भी मार्जिन कम है, हमने उन मार्जिन को बढ़ाया है। चंद्रयान 2 से हमने जो सबक सीखा है, उसके आधार पर चंद्रयान 3 के सिस्टम को अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है।

चंद्रयान 3 को टारगेट स्थल से आगे—पीछे ले जाने की व्यवस्था रहेगी। एक किलोमीटर के दायरे में उसकी सुरक्षित लैंडिंग हो सकती है। अगर एक जगह ठीक नहीं है तो दूसरे स्थान पर लैंडिंग हो जाएगी। चंद्रयान 2 में पांच इंजन लगे थे, इस बार चार इंजन रखे गए हैं। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि चंद्रयान 3 का वजन कम रहे। डॉ. सीएम नौटियाल के मुताबिक, चंद्रमा पर गुरुत्वाकर्षण बल कम होता है। पृथ्वी के मुकाबले वहां पर वजन 1/6 कम रहता है। वहां पर वही बल विपरित दिशा में काम करता है। वजन कम रखने से कई बातें आसान हो जाती हैं। चंद्रयान 3 से लगातार संपर्क बना रहे, इसके लिए पावरफुल सेंसर लगाए गए हैं। वेट और उंचाई मापने के लिए तुंगतामापी (अल्टीमीटर) यंत्र का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए हमें पता लगेगा कि चंद्रमा की सतह से चंद्रयान 3 की उंचाई कितनी है। वेट मापने का यंत्र डोप्लर के सिद्धांत पर काम करेगा। इसके माध्यम से लगातार उंचाई और वेट का पता चलता रहेगा। जिस जगह पर चंद्रयान 3 उतरेगा, उसका दायरा बढ़ा दिया गया है।

चंद्रमा की सतह पर पर्यावरण स्वच्छ होता है। वहां प्रदूषण की कोई गुंजाइश नहीं है। अगर ऐसा कोई कण होता है तो वह हवा में जल जाता है। इस वजह से वहां जो भी वस्तु आती है, वह सीधे ही चंद्रमा की सतह से टकराती है। जब सीधे ही कोई वस्तु टकराती है तो वह इधर उधर छिटक भी सकती है। वहां पर पहले से धंसी हुई मिट्टी से चट्टान बाहर आ जाती है। चंद्रमा पर बहता हुआ पानी तो है नहीं, इसलिए वहां मौजूद गड्ढे भरते नहीं हैं। चट्टान या क्रेटर, सब वैसे ही रहते हैं।

चंद्रयान 3 के लिए समतल जगह का चयन किया गया है। अगर उस वक्त कोई पदार्थ बीच राह में आया तो भी चंद्रयान का संतुलन नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। उस वक्त की फोटोग्राफी होती रहेगी। इससे भी अधिक कोई बाधा आती है तो चंद्रयान 3 की दिशा बदली जाएगी। हमारे वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक केवल वही अभ्यास किया है, कि गड़बड़ कहां हो सकती है। उसका निदान क्या होगा, इन सभी बातों को पहले ही सोचा गया है। यही वजह है कि पत्थरों के बीच चंद्रयान की दिशा बदलने का विकल्प पास रखा गया है। ये सभी कमांड, पूर्णतः स्वचालित रहती हैं। ऑर्बिटर वहीं से कंट्रोल करेगा। लैंडर में सेंसर लगाए गए हैं। 'चंद्रयान—3' की कामयाबी भारत को पृथ्वी से बाहर यानी चंद्रमा पर एक स्टेशन तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी। यहां से दूसरे ग्रहों पर जाना आसान हो जाएगा।

## चंद्रयान—3 के बाद अब 'गगनयान', इसरो अगले साल अंतरिक्ष में भेजेगा मानव रहित यान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार चंद्रयान—3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नई तकनीक और नई प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि इस समय तक 350 से अधिक स्टार्ट अप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को आधुनिक उपकरणों की आपूर्ति करने के प्रस्ताव दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के विकास में बहुत तेजी आई है और आज हम विश्व की महाशक्तियों के बराबरी के स्तर पर पहुंच गए हैं। चंद्रयान—3 के मिशन के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन इस बार निश्चित रूप से कामयाब होगा और यह तय अवधि से अधिक काम करेगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान—3 के प्रक्षेपण की योजना में समय अवश्य लगा है लेकिन इससे खर्च कम हुआ और प्रतिरोध कम होने से मिशन सुरक्षित रहा है। 23 अगस्त को यह तय समय पर चांद की सतह पर उतरेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उतरने की सटीक जगह का निर्णय उसी समय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसरो का अगला मिशन गगनयान है। इसके लिए इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में एक मानवरहित यान भेजा जाएगा। अगले वर्ष के पूर्वार्द्ध में कृत्रिम मेधा युक्त रोबोट 'वायुमित्र' को भेजा जाएगा और इसकी सफलता एवं अध्ययन के बाद वर्ष 2024 के उत्तरार्द्ध में मानव मिशन भेजा जाएगा। डा. सिंह ने रूस के लूना—25 मिशन के क्रैश लैंडिंग और चंद्रयान मिशन को लेकर सावधानियों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत के चंद्रयान मिशन में कक्षीय आरोहण विधि से भेजा गया है। इसलिए इसमें प्रतिरोध कम होने के कारण ऊर्जा की खपत कम हो रही है और चंद्रमा के बहुत नजदीक आने के बाद ही वर्टिकल लैंडिंग करेगा और इस बार उसकी बॉडी में सुरक्षा के सभी उपाय किये गये हैं जिससे इस मिशन की विफलता की संभावना ना के बराबर है।

## ट्रम्प इस सप्ताह पहली रिपब्लिकन बहस में नहीं लेंगे भाग

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की है कि वह रिपब्लिकन पार्टी की पहली बहस में भाग नहीं लेंगे।

एक पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा, अभी आया नया सीबीएस पोल, मुझे बहुत अधिक नंबरों के आधार पर आगे बता रहा है। जनता जानती है कि मैं कौन हूं। मेरे कार्यकाल के दौरान मजबूत सीमाएं और सेना, अब तक की सबसे बड़ी कर और विनियमन कटौती, कोई मुद्रास्फीति नहीं, इतिहास की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था, और भी बहुत कुछ। इसलिए मैं बहस नहीं करूंगा! यह स्पष्ट नहीं है कि 77 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति इन बहसों में भाग लेंगे या नहीं। ट्रम्प, 2017—21 में अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति थे, जिन पर चार आपराधिक आरोप लगाया गया है। उन्होंने बार—बार कहा है कि वह रिपब्लिकन बहस में शामिल नहीं होंगे।

## फुटबाल फैन्स को लेकर जा रही बस ब्रेक फेल होने से पलटी, सात लोगों की मौत— दो दर्जन से अधिक घायल

**रियो डी जनेरियो ,एजेंसी ।** दक्षिणी ब्राजील में कोरिंथियंस स्पोर्ट्स क्लब के प्रशंसकों को ले जा रही एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना मिनस गेरैस राज्य की क्षेत्रीय राजधानी बेलो होरिज़ोंटे शहर में हुई। जब बस के एक मोड़ पर ब्रेक फेल हो गए और उसने अपना नियंत्रण खो दिया।

हादसे में एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया 'लगभग हर कोई सो रहा था, लेकिन कुछ को एहसास हुआ कि ड्राइवर बस को तेज चला रहा है और सामने वाले लडक़ों ने उसे रुकने के लिए कहा। ड्राइवर ने कहा कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। मैंने चिल्लाना शुरू कर दिया, इसलिए हर कोई जाग गया और बस पलट गई।' कोरिंथियंस क्लब ने एक बयान में इस त्रासदी पर खेद व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

## चीन ने पृथ्वी अवलोकन के लिए नया उपग्रह प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान ,एजेंसी ।** चीन ने सोमवार को उत्तर पश्चिमी चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक नया पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा।

उपग्रह, गाओफेन—12 04, लॉन्ग मार्च—4सी वाहक रॉकेट द्वारा एक बजकर 45 मिनट (बीजिंग समय) पर प्रक्षेपित किया गया और सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश कर गया।उपग्रह का उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सडक़ नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च श्रृंखला के वाहक रॉकेटों के 484वें उड़ान मिशन का प्रतीक है।

## बर्नाडी ने ग्वाटेमाला का राष्ट्रपति चुनाव जीता

**ग्वाटेमाला सिटी , एजेंसी।** बर्नाडी अरेवलो ने ग्वाटेमाला का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। सर्वोच्च चुनावी न्यायाधिकरण की गिनती के अनुसार 95 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ अरेवलो को 59 प्रतिशत वोट मिले हैं, उनकी प्रतिद्वंद्वी सैंड्रा टोरेस 36 प्रतिशत मत के साथ पीछे चल रही हैं।

## नीदरलैंड यूक्रेन को एफ—16 लड़ाकू विमान देगा : रुटे

**हेग ,एजेंसी।** डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से पुष्टि की कि नीदरलैंड यूक्रेन को एफ—16 लड़ाकू विमान देगा। ज़ेलेंस्की नीदरलैंड की यात्रा पर आए।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण का गर्भपात कराने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा।



शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है। शीर्ष न्यायाल ने शनिवार को इस मामले में (दुषकर्म पीड़ीता की) गर्भपात कराने की याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि की तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले का स्वतः संज्ञान लेकर 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच के एक अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़ीता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा था कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। वकील ने कहा था कि हालांकि, मामला सात अगस्त को दायर किया गया था और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने यह भी कहा था कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिकर्ता के वकील की बात पर कहा था, "अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियां करने के लिए खेद है। हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे।" शीर्ष अदालत ने आगे कहा था कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भरूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ कहा था, "हम याचिकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।"

## कैश फॉर जॉब पोस्टिंग मामला : सीबीआई ने 344 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** सीबीआई ने प्राथमिक शिक्षकों को उनकी पसंद के सरकारी स्कूलों और उनके मूल जिलों में पोस्टिंग सुनिश्चित करने के एवज में नकदी लेने के मामले में 344 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों ने कहा कि इन 344 व्यक्तियों को एजेंसी के सेंट्रल स्थित निज़ाम पैलेस कार्यालय में पूछताछ की जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि 11 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा अपनी जांच जारी रखने का निर्देश देने के बाद, सीबीआई अधिकारियों ने पूछताछ के लिए बुलाए जाने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करना शुरू कर दिया। एजेंसी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, सूची तैयार करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है, अब पूछताछ की प्रक्रिया शुरू होगी।

## एजेंट के कारण ट्यूनीशिया में फंसे पंजाब और हरियाणा के 17 लोगों की स्वदेश वापसी

### सांसद विक्रमजीत साहनी ने निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सरकार ने ट्यूनीशिया में एक सशस्त्र समूह के चंगुल में फंसे पंजाब एवं हरियाणा के 17 लोगों को उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद सुरक्षित रिहा कराने के बाद स्वदेश वापसी करा दी।

सूत्रों ने आज यहां बताया कि विदेश मंत्रालय और ट्यूनिस स्थित भारतीय दूतावास के निरंतर प्रयासों के बाद, पंजाब और हरियाणा से 17 भारतीय नागरिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक भारत ले जाया गया है। पंजाब और हरियाणा राज्यों से आने वाले, इनमें से प्रत्येक व्यक्ति ने लीबिया में आकर्षक रोजगार के अवसरों के वादे से आकर्षित होकर एक एजेंट को 13 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। हालाँकि, उनके सपने तब चकनाचूर हो गए जब उन्हें पता चला कि प्रदान किए गए वर्क परमिट अरबी में थे, जिससे वे पूरी तरह से चकित हो गए। बंधक बनाए गए लोगों के माता—पिता मई में सांसद विक्रमजीत सिंह से संपर्क करने में कामयाब रहे, जिन्होंने बाद में उन्हें बचाने के लिए ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, पंजाब पुलिस ने इस गंभीर मामले के जटिल विवरण का पता लगाने के लिए एक समर्पित विशेष जांच दल (एसआईटी) की स्थापना की। सूत्रों के अनुसार यह मामला 26 मई 2023 को फंसे हुए भारतीय नागरिकों के परिवारजनों द्वारा ट्यूनिस में हमारे दूतावास के ध्यान में लाया गया था। भारत से तस्करी के बाद भारतीयों को लीबिया के ज़वारा शहर में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बना लिया गया था। तब से दूतावास परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में था।

## अभिषेक बनर्जी को झटका, सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ प. बंगाल सरकार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सीबीआई जांच का आदेश देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि शिक्षक भर्ती घोटाले और नगर पालिका भर्ती घोटाले के बीच एक संबंध प्रतीत होता है।



मामले की जांच सीबीआई और ईडी कर रही है। जांच की जद में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी भी आ गये हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलील विस्तार पूर्वक सुनने के बाद याचिका खारिज करने का आदेश पारित किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 15 जून 2023 के आदेश की वैधता को चुनौती दी, जिसमें एकल पीठ द्वारा कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश को बरकरार रखा गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसियों का आरोप है यह घोटाला 200—250 करोड़ रुपये का था, क्योंकि नगर पालिकाओं में भर्ती के लिए प्रत्येक पद के लिए रिश्वत के रूप में भुगतान की जाने वाली रकम तय की गई थी। भर्तियों में अनियमितता का यह मामला पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगर पालिकाओं में क्लर्क, सफाई कर्मचारी, चपरासी, ड्राइवर आदि से संबंधित था। शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

# श्रीराम के लिए कल्याण सिंह ने छोड़ी थी राजगद्दी, आज पूरा हो रहा उनका सपना : योगी

**अलीगढ़ ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह ने अपने लिए राजगद्दी प्राप्त करने से महत्वपूर्ण प्रभु श्रीराम के चरणों में उसको समर्पित करने का कार्य किया था।



राममंदिर के लिए जो अभियान 1990 से लेकर 1992 और उसके बाद तक चला, उसी का परिणाम है कि आज प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

जब जनवरी 2024 में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर हमें आशीर्वाद दे रहे होंगे तो श्रद्धेय बाबूजी की आत्मा को असीम संतुष्टि मिलेगी। उनकी आत्मा हमें आशीर्वाद देगी कि जिस कार्य के लिए उन्होंने राजसत्ता छोड़ी थी, आज वो सपना साकार हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान यह बातें कहीं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह को जब भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर विचार व्यक्त करने का अवसर मिला तो उन्होंने हर बार इस बात को स्पष्टता के साथ कहा कि पेट को आहार, मन को प्यार, मस्तिष्क को विचार और आत्मा को संस्कार का समुच्चय ही एकात्म मानववाद है। इसी के अनुसार कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन जीया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी की आज द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर हम हिन्दू गौरव दिवस के रूप में उन्हें स्मरण कर रहे हैं। हम सब इस बात को जानते हैं कि पहली बार 1991 में जब कल्याण सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तब प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन का माहौल बना। आज का दिन अद्भुत संगम का दिन है, जब विश्व उद्यमिता दिवस और नाग पंचमी का पवित्र पर्व भी है।

उन्होंने कहा कि विश्व उद्यमिता दिवस पर भारत के करोड़ों उद्यमियों को इस बात के लिए धन्यवाद और बधाई कि आज पूरी दुनिया में 'मेक इन इंडिया' की धमक बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया कि 1991 में कल्याण सिंह ने अलीगढ़ के उद्यमियों को नई पहचान देने के लिए ताला नगरी का गठन किया था।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन हुआ, तब प्रदेश के परंपरागत उद्यम को बढ़ावा देने और एमएसएमई सेक्टर को नई पहचान देने के लिए ओडीओपी का कार्य प्रारंभ हुआ।

उन्होंने कहा कि आज अलीगढ़ को उसके ओडीओपी के कारण वैश्विक मान्यता प्राप्त हो रही है। ये कार्य इसलिए संपन्न हुआ कि डबल इंजन सरकार की ताकत जब आम जनता के आशीर्वाद से आगे बढ़ती है तो हर मनोरथ पूर्ण होते हैं। आज अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है, वहीं काशी विश्वनाथ धाम, ब्रजतीर्थ का विकास और विकास की सभी बड़ी परियोजनाएं जिनके बारे में कभी सोचा भी नहीं गया था, वो सब आज मूर्त रूप लेती दिखाई देती हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर यूपी के सबसे बड़े कैंसर संस्थान का नामकरण श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के रूप में किया गया है।

इसके अलावा बुलंदशहर, जो कभी बाबूजी की कर्मभूमि रही है, वहां निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भी श्रद्धेय कल्याण सिंह के नाम पर रखा गया है, इसका काम तेजी से चल रहा है। आने वाले समय में बुलंदशहर और आसपास के युवाओं को उस मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलना शुरू हो जाएगा

## सदनों में चर्चा—संवाद का स्तर गिर रहा है,जनता को अपने नेताओं से पूछना चाहिए सवाल : ओम बिरला

**उदयपुर ,(एजेंसी)।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदनों में चर्चा—संवाद का स्तर लगातार गिरते जाने की बात कहते हुए कहा है कि यह तभी रूक पाएगा, जब जनता अपने जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछेगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का सोमवार को शुभारंभ करने के दौरान सदनों में लगातार बढ़ रहे व्यवधान और नारेबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सदनों में चर्चा—संवाद का स्तर गिर रहा है।उन्होंने कहा कि सदन के अंदर गतिरोध, व्यवधान, नारेबाजी और असंसदीय व्यवहार को तभी रोका जा सकेगा, जब जनता अपने जनप्रतिनिधियों से उनके इस व्यवहार के लिए सवाल पूछेगी। उन्होंने कानून निर्माण में भागीदारी गिरते जाने की बात कहते हुए आगे यह भी कहा कि इस स्थिति को सुधारने के लिए जनता की भागदारी बढ़ानी होगी ।

# एशियाई खेलों में कप्तानी करते समय धोनी से मिली सीख पर अमल करेंगे गायकवाड़



डबलिन, रुतुराज गायकवाड़ का मानना है कि किसी टीम का नेतृत्व करना आसान काम नहीं है लेकिन वह अगले महीने एशियाई खेलों में भारत की कप्तानी करते समय चेन्नई सुपर किंग्स में अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिली सीख पर अमल करके उनकी तरह इसे सरल बनाने की कोशिश करेंगे।

गायकवाड़ हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में युवा टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि उस समय टीम के सीनियर खिलाड़ी विश्वकप की तैयारियों में लगे होंगे।

गायकवाड़ ने कहा,ईमानदारी से कहूं तो किसी टीम की कप्तानी करना बेहद जटिल चीज है। जैसे कि माही भाई ( धोनी) हमेशा कहते रहते हैं कि एक बार में एक मैच पर ध्यान दो और भविष्य को लेकर चिंता मत करो।

उन्होंने कहा, हर कोई चीजों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करता है। मैं उन लोगों में शामिल नहीं हूं जो सोशल मीडिया पर ध्यान देते हैं या फिर उन बातों पर गौर करते हैं जो मेरे बारे में कही जा रही हों।

गायकवाड़ ने आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 33 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि यह एक ऐसी चीज है जो मैंने चेन्नई सुपर किंग्स में सीखी। मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और फिर घर लौट कर अपने दोस्तों के साथ समय बिताने को लेकर मेरी राय बहुत स्पष्ट है।

वेस्टइंडीज दौरे में अधिकतर समय बाहर बैठे रहने वाला दाएं हाथ का यह बल्लेबाज आयरलैंड में पारी का आगाज कर रहा है। उन्होंने दूसरे मैच में धीमी शुरुआत के बाद 43 गेंदों पर 58 रन की मैच विजेता पारी खेली। गायकवाड़ ने कहा, रात को बारिश होने के कारण विकेट में थोड़ा नमी थी और गेंद रुक कर बल्ले पर आ रही थी। ऐसे में इस विकेट पर शॉट खेलना आसान नहीं था। सलामी बल्लेबाज होने के कारण मेरे पास कुछ गेंदों को छोडक़र क्रीज पर पांव जमाने और फिर उसकी भरपाई करने का मौका था।

उन्होंने कहा, आमतौर पर जब बाकी बल्लेबाज क्रीज पर उतरते हैं तो बहुत कम ओवर बचे रहते हैं और ऐसे में आप अधिक गेंदों को खाली नहीं छोड़ सकते। एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर आपको विकेट का आकलन करने का पर्याप्त समय मिलता है।

गायकवाड़ को नियमित तौर पर खेलने का मौका नहीं मिलता और इसलिए आयरलैंड श्रृंखला उनके लिए अधिक महत्वपूर्ण बन जाती है।

उन्होंने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है। जब आप पहले मैच से खेलते हो तो यह काफी भिन्न होता है। आप काफी आत्मविश्वास, अच्छी तैयारी और सही मानसिकता के साथ क्रीज पर उतरते हो। मुख्य टीम में बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं इसलिए वहां मौका नहीं है। ऐसे में यह शानदार अवसर है और अभी हमें एक और मैच खेलना है।

गायकवाड़ ने रिंकू सिंह की भी तारीफ की जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाई और यहां दूसरे मैच में मौका मिलने पर 21 गेंदों पर 38 रन की तूफानी पारी खेली।

गायकवाड़ ने कहा, वह आईपीएल में ही सबका चहेता खिलाड़ी बन गया था। इस साल वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है, उसमें काफी परिपक्वता नजर आती है और सबसे अच्छी बात यह है कि वह पहली गेंद से ही आक्रमण नहीं करता है। वह परिस्थितियों का आकलन करके फिर आक्रमण करता है।

# दिल्ली नहीं, अब यूपी से खेलेंगे नीतीश राणा



नई दिल्ली , भारतीय क्रिकेटर नीतीश राणा ने घोषणा की है कि वह उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे और मौजूदा 2023–24 घरेलू क्रिकेट सीजन से दिल्ली का साथ छोड़ देंगे।

आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले बाएं हाथ के ऑलराउंडर बल्लेबाज नीतीश राणा, अब घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

वह इस टीम में अपनी आईपीएल टीम के साथी रिंकू सिंह के साथ जुड़ेंगे। वह अब यूपीटी20 लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के लिए पात्र हैं, जहां वह नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे।

राणा ने सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर लिखा, मैं उन अवसरों, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी हूं जो डीडीसीए ने मुझे वर्षों से प्रदान किए हैं। जैसे–जैसे मैं नए मुकाम की ओर बढ़ रहा हूं, मैं दिल्ली क्रिकेट की कप्तानी करते हुए अपनी जर्नी को हमेशा याद रखूंगा।

मैं डीडीसीए के साथ अपने कार्यकाल के दौरान रोहन जेटली के समर्थन और सहयोग के लिए उनकी सराहना करना चाहता हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि अब अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है। मैं बहुत सोच–समझकर इस निर्णय पर आया हूं और मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं आगामी घरेलू सत्र से यूपीसीए में शामिल हो जाऊंगा।

राणा ने कहा, मैं यूपीसीए के लिए खेलने के लिए उत्साहित हूं और मैं नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सभी के साथ काम करने के लिए बेताब हूं।

राणा ने दिल्ली और डीडीसीए से एनओसी के लिए आवेदन किया था। जब उनके लंबे समय तक दिल्ली टीम के साथी, ध्रुव शोरे को दो बार की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम विदर्भ में जाने की पुष्टि की गई थी।भारत के लिए एक वनडे और दो टी20 मैच खेलने के साथ राणा, दिल्ली की घरेलू टीम में नियमित खिलाड़ी थे और यहां तक कि उन्होंने कप्तान के रूप में भी काम किया। लेकिन वह पिछले सीजऩ खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और बाद में उन्हें रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया।

# वो सबके फेवरेट हैं, ऋतुराज ने रिंकू सिंह की तारीफ में पढ़े कसीदे



डबलिन , ऋतुराज गायकवाड़ ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रिंकू सिंह की जमकर प्रशंसा की और कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को इस बात की समझ है कि अपनी भूमिका निभाते हुए कब आक्रामक रुख अपनाना है।

जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज पर कब्जा कर लिया है। रविवार को खेले गए सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने आयरलैंड को 33 रनों से हरा दिया और तीन मैचों की सीरीज में 2–0 की बढ़त हासिल कर ली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने मेजबान आयरलैंड के सामने 186 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में टीम 152 रन ही बना पाई और भारत ने यह मैच 33 रन से जीत लिया।

टीम इंडिया की ओर से ऋतुराज (58 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, संजू सैमसन (40 रन) ने उनका पूरा साथ दिया। संजू और गायकवाड के बीच 71 रन की साझेदारी हुई।इसके बाद अंतिम ओवरों में रिंकू सिंह (38 रन) और शिवम दुबे (22 रन) की तूफानी बल्लेबाजी ने आयरलैंड अटैक की खूब धुनाई की और टीम को 185 रन के बड़े टोटल तक पहुंचाया। इस जीत के बाद ऋतुराज ने रिंकू सिंह की जमकर तारीफ की।

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान , राहुल और बुमराह की टीम में वापसी.

नई दिल्ली एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम की ऐलान कर दिया गया है। टीम में रोहित शर्मा कप्तान और हार्दिक पंड्या को उपकप्तान बनाया गया है ,वही टीम में शुभमन गिल ,विराट कोहली,श्रेयसअय्यर ,सूर्य कुमार यादव ,तिलक वर्मा ,ऱ्रारु राहुल ,ईशान किशन,रविंद्र जडेजा,शार्दुल ठाकुर,अक्षर पटेल,कुलदीप यादव,जसप्रीत बुमराह मोहमद शमी,मोहमद सिराज,प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया है। वही संजू सेमसन को बेकअप प्लेयर के रूप में रखा गया है। लेकिन केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को फिटनेस टेस्ट के आधार पर टीम में जगह मिली है।


#### एशिया कप 2023 : 31 अगस्त से 17 सितंबर तक आयोजित , पाकिस्तान में होंगे चार मैच

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने जानकारी देते हुए बताया एशिया कप 2023 31 अगस्त से 17 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें कुल 13 रोमांचक एकदिवसीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में होस्ट किया जाएगा, जिसमें चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी के नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

# वर्ल्ड कप का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है : राजीव शुक्ला






लखनऊ ,भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने वर्ल्ड कप–2023 में बदलाव के लिए जो अनुरोध किया है, वो मुमकिन नहीं है।

हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने वनडे कप कार्यक्रम में बदलाव के लिए अनुरोध किया था क्योंकि स्थानीय पुलिस ने बैक–टू–बैक मैचों की मेजबानी पर चिंता जताई थी जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका का मैच भी शामिल है।

शुक्ला ने यूपीटी20 लीग लॉन्च के मौके पर कहा, मैं विश्व कप के लिए हैदराबाद आयोजन स्थल का प्रभारी हूं। अगर कोई मसला या कोई बात होगी तो उसे सुलझाने का प्रयास करेंगे। विश्व कप कार्यक्रम में बदलाव करना आसान नहीं है और ऐसा होने की संभावना भी नहीं है। केवल बीसीसीआई ही कार्यक्रम, टीमें, आईसीसी, सभी को नहीं बदल सकता।

एचसीए, 45 मैचों में से केवल तीन की मेजबानी करने वाला है। ये तीन मैच राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

बीसीसीआई और आईसीसी ने इस महीने की शुरुआत में 9 मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बड़ा मुकाबला भी शामिल था। भारत और पाकिस्तान के मैच के आयोजन को एक दिन पहले 14 अक्टूबर को कर दिया गया। इसके अलावा हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मैच 12 अक्तूबर की जगह 10 अक्टूबर कर दिया गया। एचसीए इससे पहले 9 अक्टूबर को न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड मैच की भी मेजबानी कर रहा है। हैदराबाद पुलिस ने लगातार दो मैचों के लिए सुरक्षा प्रदान करने पर आपत्ति व्यक्त की थी। हैदराबाद पुलिस ने एचसीए को सूचित किया है कि बैक–टू–बैक मैचों के आयोजन के परिणामस्वरूप वे पाकिस्तान टीम को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में विफल हो सकते हैं। जाहिर तौर पर, कई रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान–श्रीलंका मैच को आगे बढ़ाने से पहले एचसीए से परामर्श नहीं किया गया था। अब यह देखना होगा कि बीसीसीआई इस अनुरोध पर कैसे प्रतिक्रिया देगा क्योंकि शेड्यूल में पहले बदलाव को लेकर उसे पहले ही विदेशी मीडिया से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

## फिल्मी दुनियां

# ममूटी ने शुरू की अपनी अगली हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम की शूटिंग, पोस्टर जारी



ममूटी ने अपनी अगली फिल्म ब्रमायुगम की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया। यह एक हॉरर थ्रिलर है और इसका निर्देशन राहुल सदाशिवन ने किया है। ब्रमायुगम पहली फिल्म है जो नाइट शिफ्ट स्टूडियो के बैनर तले बनी है। ब्रमायुगम मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज़ होगी। ममूटी ने अपनी आगामी हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम का पहला पोस्टर ट्विटर पर साझा किया। उन्होंने लिखा, प्तब्रह्मयुगम – मेरी अगली शूटिंग आज से शुरू हो रही है। फिल्म के निर्देशक और लेखक राहुल सदाशिवन ने अभिनेता के साथ अपने सहयोग को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं दिग्गज ममूक्का को निर्देशित करने के सपने को जीने के लिए उत्साहित हूं। ब्रमायुगम केरल के अंधेरे युग में स्थापित एक मूल कहानी है, और इसे बनाने की सीमाओं को आगे बढ़ाने में निर्माताओं द्वारा समर्थन पाकर मुझे खुशी है। एक गहन फिल्म अनुभव में। मुझे उम्मीद है कि यह ममूक्का के प्रशंसकों और दुनिया भर में इस शैली के प्रशंसकों के लिए एक सौगात होगी। निर्माता, चक्रवर्ती रामचंद्र और एस शशिकांत ने कहा, हम अपने शुरुआती प्रोडक्शन में महान ममूक्का को लेकर सम्मानित और रोमांचित हैं। ममूक्का की अद्वितीय छवि एक शानदार सिनेमाई अनुभव में जान डालने के लिए तैयार है। ब्रमायुगम हमारे निर्देशक राहुल द्वारा प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ मिलकर बनाई गई एक आशाजनक दुनिया है। ब्रमायुगम में अर्जुन अशोकन, सिद्धार्थ भारतन और अमाल्डा लिज़ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 2024 की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग कोच्चि और ओट्टापलम में भव्य पैमाने पर की जा रही है। इस बीच, ब्रमायुगम के अलावा ममूटी गंभीर अपराध नाटक बाजूका में भी दिखाई देंगे। फिल्मांकन मई में शुरू हुआ।

### नेहा शेट्टी ने बैक–टू–बैक हिट गानों के साथ सनसनीखेज रिकॉर्ड बनाया

एक उभरते सितारे के रूप में उभरते हुए, नेहा शेट्टी ने अपनी फिल्म डीजे टिल्लू से सुर्खियां बटोरीं। जहां फिल्म ने सिद्धु जोनालागड्डा को प्रसिद्धि दिलाई, वहीं नेहा ने अपनी खुद की यात्रा का सामना किया और धीरे–धीरे आशाजनक भूमिकाएं हासिल कीं।

अब, नेहा शेट्टी दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों, रूल्स रंजन और गैंग्स ऑफ गोदावरी के साथ शानदार वापसी कर रही हैं, जो उद्योग और सोशल मीडिया हलकों में चर्चा का विषय बन रही हैं। उनकी मनमोहक उपस्थिति फिल्म के गानों में झलकती है, विशेष रूप से रूल्स रंजन से सम्मोहनुदा और गैंग्स ऑफ गोदावरी से सुत्तमल सूसी, जो कामुक आकर्षण और ग्लैमर बिखेरते हैं।

# विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु स्टारर खुशी का चौथा गाना सब्र ए दिल टूटे हुआ रिलीज



विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु ने हर किसी को खुशी दे दी है. इससे पहले आप कुछ सोचे, जी हां हम बात कर रहे हैं दोनों की अपकमिंग रोमांटिक फिल्म खुशी की, जिसकी चर्चा हर तरफ है. फिल्म के ट्रेलर से लेकर अब तक आए इसके सभी गानों ने भी दर्शकों पर जादू चलाया है. अब बारी है फिल्म के एक और नए गाने की जिसके बोल सब्र ए दिल टूटे है जो अब रिलीज हो चुका है.

दर्द से भरा है गानाः खुशी के तीनों गाने पहले ही लोगों का दिल जीत चुके है और अब फिल्म की एल्बम से सामने आया चौथा गाना सब्र ए दिल टूटे एक और खूबसूरत ट्रैक है जो दिलों को छू लेने वाला है. विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु स्टारर यह गाना इस बार अपने दर्द भरी धुन के साथ लोगों से इमोशनली कनेक्ट करेगा.

सोशल मीडिया पर हुआ शेयरः निर्माताओं ने विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु के एक खूबसूरत पोस्टर के साथ इस गाने को शेयर किया है जिसमें दोनों की केमिस्ट्री नजर आ रही है. इसे उन्होंने कैप्शन दिया, एक और गाना आपकी प्लेलिस्ट में शामिल हो गया है, इस बार दर्द से भरा हुआ है इस गाने को विशाल मिश्रा और गायत्री अशोकन ने खूबसूरती से गाया हैं और गाने के बोल रकीब आलम ने लिखे हैं. जबकि इसका म्यूजिक हेशम अब्दुल वहाब का हैं.

# सुप्रिया पाठक की खिचड़ी 2 का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



आतिश कपाडिय़ा के निर्देशन में बनी खिचड़ी को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था।कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 2010 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें सुप्रिया पाठक, अनंग देसाई, राजीव मेहता, जमनादास मजेठिया और निमिषा वखारिया जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब निर्माताओं ने खिचड़ी के सीक्वल का ऐलान कर दिया है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख भी सामने आ चुकी है।

खिचड़ी 2 इसी साल दिवाली के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आतिश ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर खिचड़ी 2 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस दिवाली, हंसी का धमाका सिनेमाघरों में।खिचड़ी 2 का निर्माण जमनादास मजेठिया द्वारा किया जाएगा, जबकि फिल्म की कहानी आतिश कपाडिय़ा ने लिखी है। 12 नवंबर को बॉक्स ऑफिस पर खिचड़ी 2 का सामना सलमान खान की टाइगर 3 से होने वाला है। खिचड़ी, जो पहली बार एक मंचीय नाटक के रूप में अस्तित्व में आई, पारेख नामक एक गुजराती परिवार की कहानी है, जो एक पुरानी हवेली में रहते हैं।

# तमन्ना भाटिया की आखिरी सच का ट्रेलर जारी, दिल्ली के बुराड़ी कांड पर है आधारित

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज आखिरी सच को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।यह सीरीज दिल्ली के बुराड़ी में हुई मौतों पर आधारित है, जिसने न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। अब निर्माताओं ने आखिरी सच का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर है।सीरीज में तमन्ना मुख्य जांच अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं।तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, एक रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी जो भाग्य के सबसे टेढ़े–मेढ़े संबंधों, एक परिवार के फंसे हुए रहस्यों और एक अन्वेषक द्वारा देखी गई भयानक भयावहता को उजागर करती है।इसमें अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।



यह सीरीज पुलिस के दृष्टिकोण को सामने लाकर एक जटिल मामले की कहानी बताती है। आखिरी सच एक काल्पनिक कहानी है, जिसमें काल्पनिक पात्र हैं, जो एक वास्तविक मामले से प्रेरित है जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। यह अन्या नाम की एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा की गई अपराध जांच का अनुसरण करती है। अपराध जांच थ्रिलर कई रहस्यों को खोलेगी और प्रत्येक चरित्र के जीवन में गहराई से उतरेगी। निर्विकार फिल्म्स द्वारा निर्मित, रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित और सौरव डे द्वारा लिखित, आखिरी सच 25 अगस्त, 2023 से विशेष रूप से डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com